परिहाविअ वि [**परिहापित**] हीन किया हुआ; (वव ४)।

परिहाविअ वि [**परिधापित**] पहिराया हुआ; (महा; सुर १०, १७; स ५२६; कुप्र ६)।

परिहास पुं [**परिहास**] उपहास, हँसी; (गा ७७१; पाअ)।

परिहासणा स्त्री [**परिभाषणा**] उपालम्भ; (आव १)।

परिहि पुंस्त्री [**परिधि**] १ परिवेष; "ससिबिंबं व परिहिणा रुद्धं सिन्नेण तस्स रायगिहं" (पव २५५)। २ परिणाह, विस्तार; (राज)।

परिहिअ वि [**परिहित**] पहिरा हुआ; (उवा; भग; कप्प; औप; पाअ; सुर २, ८०)।

परिहिऊण देखो **परिहा**=परि+धा।

परिहिंड सक [**परि** + **हिण्ड्**] परिभ्रमण करना। परिहिंडए; (ठा ४, १ टी—पत्र १६२)। वकृ—**परिहिंडंत, परिहिंडमाण**; (पउम ८, १६८; ६०, ५; ८, १५५; औप)।

परिहिंडिय वि [**परिहिण्डित**] परिभ्रान्त, भटका हुआ; (पउम ६, १३१)।

परिहित्ता
परिहियव्व } देखो **परिहा**=परि+धा।

परिहीअमाण देखो **परिहा**=परि+हा।

परिहीण वि [**परिहीन**] १ कम, न्यून; (औप)। २ क्षीण, विनष्ट; (सुज्ज १)। ३ रहित, वर्जित; (उव)। ४ न. ह्रास, अपचय; (राय)।

परिहुत्त वि [**परिभुक्त**] जिसका भोग किया गया हो वह; (से १, ६४; दे ४, ३६)।

परिहूअ वि [**परिभूत**] पराजित, अभिभूत; (गा १३४; पउम ३, ६; स २८)।

परिहेरग न [**दे परिहार्यक**] आभूषण-विशेष; (औप)।

परिहो सक [**परि+भू**] पराभव करना। परिहोइ; (भवि)।

परिहोअ देखो **परिभोग**; (गउड)।

परिहूलस (अप) अक [**परि+हस्**] कम होना। परिहूलसइ; (पिंग)।

परी सक [**परि+इ**] जाना, गमन करना। परिंति; (पि ४६३)। वकृ—**परिंत**; (पि ४६३)।

परी सक [**क्षिप्**] फेंकना। परीइ; (हे ४, १४३)। परीसि; (कुमा)।

परी सक [**भ्रम्**] भ्रमण करना, घूमना। परीइ; (हे ४, १६१)। परेंति; (पण्ह १, ३—पत्र ४६)।

परीघाय पुं [**परिघात**] निर्घातन, विनाश; (पव ६४)।

परीणम देखो **परिणम**=परि+णम्; "संसग्गओ पणवण्णागुणाओ लोगुत्तरत्तेण परीणमंति" (उपपं ३५)।

परीभोग देखो **परिभोग**; (सुपा ४६७; श्रावक २८४; पंचा ८, ६)।

परीमाण देखो **परिमाण**; (जीवस १२३; १३२; पव १५६)।

परीय देखो **परित्त**; (राज)।

परीयल्ल पुं [**दे परिवर्त**] वेष्टन; "तिपरीयल्लमणिस्सइं रयहरणं धारए एगं" (ओघ ७०६)।

परीरंभ पुं [**परीरम्भ**] आलिंगन; (कुमा)।

परीवज्ज वि [**परिवर्ज्य**] वर्जनीय; (कम्म ६, ६ टी)।

परीवाय देखो **परिवाय**=परिवाद; (पउम १०१, ३; पव २३७)।

परीवार देखो **परिवार**=परिवार; (कुमा; चेइय ४८)।

परीसण न [**परिवेषण**] परोसना; (दे २, १४)।

परीसम देखा **परिस्सम**; (भवि)।

परीसह पुं [**परीषह**] भूत आदि से होने वाली पीड़ा; (आचा; औप; उव)।

परुइय वि [**प्ररुदित**] जो रोने लगा हो वह; (स ७५५)।

परुक्ख देखा **परोक्ख**; (विसे १४०३ टी; सुपा १३३; श्रा १; कुप्र २५)।

परुण्ण
परुन्न } देखो **परुइय**; (से १, ३५; १०, ६४; गा ३५४; ८३८; महा; स २०४)।

परुप्पर देखो **परोप्पर**; (कुप्र ५)।

परुभासिद (शौ) वि [**प्रोद्भासित**] प्रकाशित; (प्रयौ २०)।

परुस वि [**परुष**] कठोर; (गा ३४४)।

परूढ वि [**प्ररूढ**] १ उत्पन्न; (धर्मवि १२१)। २ बढ़ा हुआ; (औप; पि ४०२)।

परूव सक [**प्र** + **रूपय्**] प्रतिपादन करना। परूवेइ, परूवेंति; (औप; कप्प; भग)। संकृ—**परूवइत्ता**; (ठा ३, १)।

परूवग वि [**प्ररूपक**] प्रतिपादक; (उव; कुप्र १८१)।

परूवण न [**प्ररूपण**] प्रतिपादन; (अणु)।

परूवणा स्त्री [**प्ररूपणा**] ऊपर देखो; (आचू १)।

परूविअ वि [**प्ररूपित**] १ प्रतिपादित, निरूपित; (पण्ह २, १)। २ प्रकाशित; "उत्तमकंचणरयणपरूविअभासुरभूसणभासुरिअंगा" (अजि २३)।

परेअ पुं [**दे**] पिशाच; (दे ६, १२; पाअ; षड्)।

परेण अ [**परेण**] बाद, अनन्तर; (महा)।

परेयम्मण देखो **परिकम्मण**; (कप्प)।

परेवय न [**दे**] पाद-पतन; (दे ७, १६)।

परेव्व वि [**परेद्युस्तन**] परसों का, परसों होने वाला; (पिंड २४१)।

परो° अ [**पर**] उत्कृष्ट; "परोसंतेहिं तच्चेहिं" (उवा)।

परोइय देखो **परुइय**; (उप ७६८ टी)।

परोक्ख न [**परोक्ष**] १ प्रत्यक्ष-भिन्न प्रमाण; "पच्चक्ख-परोक्खाइं दुन्नेव जओ पमाणाइं" (सुर १२, ६० ; णंदि)। २ वि. परोक्ष-प्रमाण का विषय, अ-प्रत्यक्ष; (सुपा ६४७; हे ४, ४१८)। ३ न. पीछे, आँखों की ओट में; "मम परोक्खे किं तए अणुभूयं ?" (महा)।

परोट्ट देखो **पलोट्ट**=पर्यस्त; (षड्)।

परोप्पर } वि [**परस्पर**] आपस में; (हे १, ६२;
परोप्फर } कुमा; कप्पू; षड्)।

परोवआर पुं [**परोपकार**] दूसरे की भलाई; (नाट—मृच्छ १६८)।

परोवयारि वि [**परोपकारिन्**] दूसरे की भलाई करने वाला; (पउम ५०, १)।

परोवर देखो **परोप्पर**; (प्राकृ २६; ३०)।

परोविय देखो **परुइय**; (उप ७२८ टी; स ४८०)।

परोह अक [**प्र+रुह्**] १ उत्पन्न होना। २ बढ़ना। परोहदि (शौ); (नाट)।

परोह पुं [**प्ररोह**] १ उत्पत्ति; (कुमा)। २ वृद्धि; ३ अंकुर, बीजोद्भेद; (हे १, ४४), "पुन्नलयाण परोहे रेहइ आवालपंतिव्व" (धर्मवि १६८)।

परोहड न [दे] घर का पिछला आँगन, घर के पीछे का भाग; (ओघ ४१७; पाअ; गा ६८५ अ; वज्जा १०६; १०८)।

पल अक [**पल्**] १ जीना। २ खाना। पलइः (षड्)। देखो बल=बल्।

पल (अप) अक [**पत्**] पड़ना, गिरना। पलइ; (पिंग)। वकृ—**पलंत**; (पिंग)।

पल (अप) सक [**प्र+कटय्**] प्रकट करना। पल; (पिंग)।

पल अक [**परा+अय्**] भागना।
"चोराण कामुयाण य पामरपहियाण कुक्कुडो रडइ ।
रे पलह रमह वाहयह, वहह तणुइज्जए रयणी" (वज्जा १३४)।

पल न [दे] स्वेद, पसीना; (दे ६, १)।

पल न [**पल**] १ एक बहुत छोटी तोल, चार तोला; (ठा ३, १; सुपा ४३७; वज्जा ६८; कुप्र ४१६)। २ मांस; (कुप्र १८६)।

पलंघ सक [**प्र+लङ्घ्**] अतिक्रमण करना। पलंघेज्जा (औप)।

पलंघण न [**प्रलङ्घन**] उल्लंघन ; (औप)।

पलंड पुं [**पलगण्ड**] राज, चूना पोतने का काम करने वाला कारीगर; "पलगंडे पलंडो" (प्राकृ ३०)।

पलंडु पुं [**पलाण्डु**] प्याज; (उत्त ३६, ६८)।

पलंब अक [**प्र+लम्ब्**] लटकना। पलंबए; (पि ४५७)। वकृ—**पलंबमाण**; (औप; महा)।

पलंब वि [**प्रलम्ब**] १ लटकने वाला, लटकता; (पणह १, ४; राय)। २ लम्बा, दीर्घ; (से १२, ५६; कुमा)। ३ पुं. ग्रह-विशेष, एक महाग्रह; (ठा २, ३)। ४ मुहूर्त-विशेष, अहोरात्र का आठवाँ मुहूर्त; (सम ५१)। ५ पुंन. आभरण-विशेष; (औप)। ६ एक तरह का धान का कोठा; (बृह २)। ७ मूल; (कस; बृह १)। ८ रुचक पर्वत का एक शिखर; (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ न. फल; (बृह १; ठा ४, १—पत्र १८५)। १० देव-विमान-विशेष; (सम ३८)।

पलंबिअ वि [**प्रलम्बित**] लटका हुआ; (कप्प; भवि; स्वप्न १०)।

पलंबिर वि [**प्रलम्बितृ**] लटकने वाला, लटकता; (सुपा ११; सुर १, २४८)।

पलक्क वि [दे] लम्पट; "इय विसयपलक्कओ" (कुप्र ४२७; नाट)।

पलक्ख पुं [**प्लक्ष**] बड़ का पेड़; (कुमा; पि १३२)।

पलज्जण वि [**प्ररञ्जन**] रागी, अनुराग वाला; "अधम्म-पलज्जण—" (णाया १, १८; औप)।

पलट्ट अक [**परि+अस्**] १ पलटना, बदलना। २ सक. पलटाना, बदलाना। पलट्टइ; (पिंग)। "कोहाइकारणेवि हु नो वयणसिरिं पलट्टंति" (संबोध १८)। संकृ—पलट्टि (अप); (पिंग)। देखो **पल्लट्ट**।

पलत्त वि [**प्रलपित**] १ कथित, उक्त, प्रलाप-युक्त; (सुपा ११४; से ११, ७६)। २ न. प्रलाप, कथन; (औप)।

पलय पुं [**प्रलय**] १ युगान्त, कल्पान्त-काल; २ जगत् का अपने कारण में लय; (से २, २; पउम ७२, ३१)। ३ विनाश; "जायवजाइपलए" (ती ३)। ४ चेष्टा-क्षय; ५ छिपना; (हे १, १८७)। °**क्क** पुं [°**र्क**] प्रलय-काल का सूर्य; (पउम ७२, ३१)। °**घण** पुं [°**घन**] प्रलय का मेघ; (सण)। °**लण** पुं [°**नल**] प्रलय काल की आग; (सण)।

पलल न [**पलल**] १ तिल-चूर्ण, तिल-क्षोद; (पणह २, ५; पिंड १६५)। २ मांस; (कुप्र १८७)।

पललिअ न [**प्रललित**] १ प्रक्रीडित; (णाया १, १—पत्र ६२)। २ अंग-विन्यास; (पण्ह २, ४)।

पलव सक [**प्र+लप्**] प्रलाप करना, बकवाद करना। पलवदि (शौ); (नाट—वेणी १७)। वकृ—**पलवंत, पलवमाण**; (काल; सुर २, १२५; सुपा २५०; ६४१)।

पलवण न [**प्लवन**] उछलना, उच्छलन; "संपाइमवाउवहो पलवण आऊवघाओ य" (ओघ ३४८)।

पलविअ } वि [**प्रलपित**] १ अनर्थक कहा हुआ; २ न. **पलवित** } अनर्थक भाषण; (चंड; पण्ह १, २)।

पलविर वि [**प्रलपितृ**] बकवादी; (दे ७, ५६)।

पलस न [**दे**] १ कर्पास-फल; २ स्वेद, पसीना; (दे ६, ७०)।

पलस (अप) न [**पलाश**] पत्र, पत्ती; (भवि)।

पलसु स्त्री [**दे**] सेवा, पूजा, भक्ति; (दे ६, ३)।

पलहि पुंस्त्री [**दे**] कपास; (दे ६, ४; पाअ; वज्जा १८६; हे २, १७४)।

पलहिअ वि [**दे**] १ विषम, असम; २ पुंन. आवृत जमीन का वास्तु; (दे ६, १५)।

पलहिअअ वि [**दे. उपलहृदय**] मूर्ख, पाषाण-हृदय; (षड्)।

पलहुअ वि [**प्रलघुक**] १ स्वल्प, थोड़ा; २ छोटा; (से ११, ३३; गउड)।

पला देखो **पलाय**=परा + अय्। "जं जं भणामि अहयं सयलं पि बहिं पलाइ तं तुज्झ" (आत्मानु २३), पलासि, पलामि ; (पि ५६७)।

पलाअंत } देखो **पलाय**=परा+अय्। **पलाइअ** }

पलाइअ } वि [**पलायित**] १ भागा हुआ, नष्ट; "पला- **पलाण** } इए हलिए" (गा ३६०), "रिउणो सिन्नं जह पलाणं" (धर्मवि ५६; ५१; पउम ५३, ८४; ओघ ४६७; उप १३६ टी; सुपा २२; ५०३; ती १५; सण; महा)। २ न. पलायन; (दस ४, ३)।

पलाण न [**पलायन**] भागना; (सुपा ४६४)।

पलाणिअ वि [**पलायनित**] जिसने पलायन किया हो वह, भागा हुआ; "तेणवि आगच्छंतो विन्नाओ तो पलाणिओ दूरं" (सुपा ४६४)।

पलात वि [**प्रलात**] गृहीत ; (चंड)।

पलाय अक [**परा + अय्**] भाग जाना, नासना। पलायइ, पलाअसि; (महा; पि ५६७)। भवि—पलाइस्सं; (पि ५६७)। वकृ—**पलाअंत, पलायमाण**; (गा २६१; णाया १, १८; आक १८; उप पृ २६)। संकृ—**पलाइअ**; (नाट; पि ५६७)। हेकृ—**पलाइउं**; (आक १६; सुपा ४६४)। कृ—**पलाइअव्व**; (पि ५६७)।

पलाय पुं [**दे**] चोर, तस्कर; (दे ६, ८)।

पलाय देखो **पलाइअ**=पलायित; (णाया १, ३; स १३१; उप पृ २५७; धण ४८)।

पलायण न [**पलायन**] भागना; (ओघ २६; सुर २, १४)।

पलायणया स्त्री. ऊपर देखो; (चेइय ४४६)।

पलायमाण देखो **पलाय**=परा+अय्।

पलाल न [**पलाल**] तृण-विशेष, पुआल; (पण्ह २, ३; पाअ; आचा)। **°पीढय** न [**°पीठक**] पलाल का आसन; (निचू १२)।

पलाव सक [**नाशय्**] भगाना, नष्ट करना। पलावइ ; (हे ४, ३१)।

पलाव पुं [**प्लाव**] पानी की बाढ़; (तंदु ५० टी)।

पलाव पुं [**प्रलाप**] अनर्थक भाषण, बकवाद; (महा)।

पलावण न [**नाशन**] नष्ट करना, भगाना; (कुमा)।

पलावि वि [**प्रलापिन्**] बकबादी; "असंबद्धपलाविणी एसा" (कुप्र २२२; संबोध ४७ ; अभि ४६)।

पलाविअ वि [**प्लावित**] डुबोया हुआ, भिगाया हुआ; (सुर १३, २०४; कुप्र ६०; ६७; सण)।

पलाविअ वि [**प्रलापित**] अनर्थक घोषित करवाया हुआ; "भंछुड्ड किं दुच्चरिउ पलाविउ सज्जणजणहो नाउं लज्जाविउ" (भवि)।

पलाविर वि [**प्रलपितृ**] बकबाद करने वाला; "अहह असंबद्धपलाविरस्स बहुयस्स पेच्छ मह पुरओ" (सुपा २०१), "दिव्वनाणीव जंपइ, एसो एवं पलाविरो" (सुपा २७७)।

पलास पुं [**पलाश**] १ वृक्ष-विशेष, किंशुक वृक्ष, ढाँक; (वज्जा १५२; गा ३११)। २ राक्षस; (वज्जा १३०; गा ३११)। ३ पुंन. पत्र, पत्ता; (पाअ; वज्जा १५२)। ४ भद्रशाल वन का एक दिग्हस्ती कूट; (ठा ८—पत्र ४३६; इक)।

पलासि स्त्री [**दे**] भल्ली, छोटा भाला, शस्त्र-विशेष; (दे ६, १४)।

पलासिया स्त्री [**दे. पलाशिका**] त्वक्काष्ठिका, छाल की बनी हुई लकड़ी; (सूअ १, ४, २, ७)।

पलाह देखो **पलास**; (संक्षि १६; पि २६२)।

पलि देखो **परि**; (सूअ १, ६, ११ ; २, ७, ३६; उत्त २६, ३४; पि २५७) ।

पलिअ न [**पलित**] १ वृद्ध अवस्था के कारण बालों का पकना, केशों की श्वेतता; २ बदन की झुर्रियाँ ; (हे १, २१२) । ३ कर्म, कर्म-पुद्गल; "जे केइ सत्ता पलियं चयंति" (आचा १, ४, ३, १) । ४ घृणित अनुष्ठान; "से आकुट्टे वा हए वा लुंचिए वा पलियं पकंथे" (आचा १, ६, २, २) । ५ कर्म, काम; (आचा १, ६, २, २) । ६ ताप; ७ पंक, कादा; ८ वि. शिथिल; ९ वृद्ध, बूढा; (हे १, २१२) । १० पका हुआ, पक्व; (धर्म २; निचू १५) । ११ जरा-ग्रस्त; " न हि दिज्जइ आहरणं पलियत्तकरणहत्थस्स" (राज) । °**ट्ठाण, °ठाण** न [°**स्थान**] कर्म-स्थान, कारखाना; (आचा १, ६, २, २) ।

पलिअ न [**पल**] चार कर्ष या तीन सौ बीस गुञ्जा का नाप; (तंदु २६) ।

पलिअ देखो **पल्ल**=पल्य; (पव १५८; भग; जी २६; नव ६; दं २७) ।

पलिअ (अप) देखो **पडिअ**; (पिंग) ।

पलिअंक पुं [**पर्यङ्क**] पलँग, खाट; (हे २, ६८; सम ३५; औप) । °**आसण** न [°**आसन**] आसन-विशेष; (सुपा ६५५) ।

पलिअंका स्त्री [**पर्यङ्का**] पद्मासन, आसन-विशेष; (ठा ५, १—पत्र ३००) ।

पलिउंच सक [**परि** + **कुञ्च्**] १ अपलाप करना । २ ठगना । ३ छिपाना, गोपन करना । पलिउंचंति, पलिउंचयंति; (उत्त २७, १३; सूअ १, १३, ४) । संकृ—**पलिउंचिय**; (आचा २, १, ११, १) । वकृ—**पलिउंचमाण**; (आचा १, ७, ४, १; २, ५, २, १) ।

पलिउंचण न [**परिकुञ्चन**] माया, कपट; (सूअ १, ६, ११)।

पलिउंचणा स्त्री [**परिकुञ्चना**] १ सच्ची बात को छिपाना; २ माया; (ठा ४, १ टी—पत्र २००) । ३ प्रायश्चित्त-विशेष; (ठा ४, १) ।

पलिउंचि वि [**परिकुञ्चिन्**] मायावी, कपटी; (वव १) ।

पलिउंचिय वि [**परिकुञ्चित**] १ वञ्चित; २ न. माया, कुटिलता; (वव १) । ३ गुरु-वन्दन का एक दोष, पूरा वन्दन न करके ही गुरु के साथ बातें करने लग जाना; (पव २) ।

पलिउंजिय देखो **परिउज्जिय**; (भग) ।

पलिउच्छन्न देखो **पलिओच्छन्न**; (आचा १, ५, १, ३)।

पलिउच्छूढ देखो **पलिओछूढ**; (औप—पृ ३० टि.) ।

पलिउज्जिय वि [**परियोगिक**] परिज्ञानी, जानकार; (भग २, ५) ।

पलिऊल देखो **पडिऊल**; (नाट—विक्र १८) ।

पलिओच्छन्न वि [**पलितावच्छन्न**] कर्मावृष्ट्ध, कुकर्मी; (आचा १, ५, १, ३) ।

पलिओच्छिन्न वि [**पर्यवच्छिन्न**] ऊपर देखो; (आचा; पि २५७) ।

पलिओछूढ वि [**पर्यवक्षिप्त**] प्रसारित; (औप) ।

पलिओवम पुंन [**पल्योपम**] समय-मान विशेष, काल का एक दीर्घ परिमाण; (ठा २, ४; भग; महा) ।

पलिंचा (शौ) देखो **पडिण्णा**; (पि २७६) ।

पलिकुंचणया देखो **पलिउंचणा**; (सम ७१) ।

पलिक्खीण वि [**परिक्षीण**] क्षय-प्राप्त; (सूअ २, ७, ११; औप) ।

पलिगोध पुं [**परिगोप**] १ पङ्क, कादा; २ आसक्ति; (सूअ १, २, २, ११) ।

पलिच्छण्ण / **पलिच्छन्न** वि [**परिच्छन्न**] १ समन्ताद् व्याप्त; (आया १, २—पत्र ७८; १, ४) । २ निरुद्ध, रोका हुआ; "ऐत्तेहिं पलिच्छन्नेहिं" (आचा १, ४, ४, २) ।

पलिच्छाअ सक [**परि+छादय्**] ढकना, आच्छादन करना । पलिच्छाएइ; (आचा २, १, १०, ६) ।

पलिच्छिंद सक [**परि + छिद्**] छेदन करना, काटना । संकृ— **पलिच्छिंदिय, पलिच्छिंदियाणं**; (आचा १, ४, ४, ३; १, ३, २, १) ।

पलिच्छिन्न वि [**परिच्छिन्न**] विच्छिन्न, काटा हुआ; (सूअ १, १६, ५; उप ५८५; सुर ६, २०६) ।

पलित्त वि [**प्रदीप्त**] ज्वलित; (कुप्र ११६; सं ७७; भग) ।

पलिपाग देखो **परिपाग**; (सूअ २, ३, २१; आचा) ।

पलिप्प अक [**प्र + दीप्**] जलना । पलिप्पइ; (षड्; प्राकृ १२) । वकृ— **पलिप्पमाण**; (पि २४४) ।

पलिबाहर / **पलिबाहिर** वि [**परिबाह्य**] हमेशा बाहर होने वाला; (आचा) ।

पलिभाग पुं [**परिभाग, प्रतिभाग**] १ निर्विभागी अंश; (कम्म ४, ८२) । २ प्रतिनियत अंश; (जीवस १५४) । ३ सादृश्य, समानता; (राज) ।

पलिभिंद सक [**परि + भिद्**] १ जानना । २ बोलना । ३

भेदन करना, तोड़ना। संकृ—**पलिभिंदियाणं**; (सूअ १, ४, २, २)।

पलिभेय पुं [**परिभेद**] चूरना; (निचू ५)।

पलिमंथ सक [**परि + मन्थ्**] बाँधना। पलिमंथए; (उत्त ६, २२)।

पलिमंथ पुं [**परिमन्थ**] १ विनाश; (सूअ २, ७, २६; विसे १४५७)। २ स्वाध्याय-व्याघात; (उत्त २६, ३४; धर्मसं १०१७)। ३ विघ्न, बाधा; (सूअ १, २, २, ११ टी)। ४ मुधा व्यापार, व्यर्थ क्रिया; (श्रावक १०६; ११२)।

पलिमंथग पुं [**परिमन्थक**] १ धान्य-विशेष, काला चना; (सूअ २, २, ६३)। २ गोल चना; ३ विलंब; (राज)।

पलिमंथु वि [**परिमन्थु**] सर्वथा घातक; (ठा ६—पत्र ३७१; कस)।

पलिमद्द देखो **परिमद्द**। परिमद्देज्जा; (पि २५७)।

पलिमद्द वि [**परिमर्द**] मालिश करने वाला; (निचू ६)।

पलिमोक्ख देखो **परिमोक्ख**; (आचा)।

पलियंचण न [**पर्यञ्चन**] परिभ्रमण; (सुर ७, २४३)। देखो **परियंचण**।

पलियंत पुं [**पर्यन्त**] १ अन्त भाग; (सूअ १, ३, १, १५)। २ वि. अवसान वाला, अन्त वाला; " पलियंतं मणुयाण जीवियं " (सूअ १, २, १, १०)।

पलियंत न [**पल्यान्तर्**] पल्योपम के भीतर; (सूअ १, २, १, १०)।

पलियस्स न [**परिपार्श्व**] समीप, पास, निकट; (भग ६, ५—पत्र २६८)।

पलिल देखो **पलिअ**=पलित; (हे १, २१२)।

पलिव देखो **पलीव**। पलिवेइ; (पि २४४)।

पलिवग देखो **पलीवग**; (राज)।

पलिविअ वि [**प्रदीपित**] जलाया हुआ; (षड्; हे १, १०१)।

पलिसव } सक [**परि + स्वञ्ज्**] आलिंगन करना, स्पर्श
पलिस्सय } करना, छूना। पलिस्सएज्जा; (बृह ४)। वकृ—**पलिसयमाणे** गुरुगा दो लहुगा आणमाईणि " (बृह ४)। हेकृ—**पलिस्सइउं**; (बृह ४)।

पलिह देखो **परिह**=परिघ; (राज)।

पलिहअ वि [**दे**] मूर्ख, बेवकूफ; (दे ६, २०)।

पलिहइ स्त्री [**दे**] क्षेत्र, खेत; "नियपलिहईइ दोहिवि किसिकम्मं काउमाढत्तं " (सुर १५, २०१)।

पलिहत्थ न [**दे**] ऊर्ध्व दारु, काष्ठ-विशेष; (दे ६, १६)।

पलिहाय पुं [**दे**] ऊपर देखो; (दे ६, १६)।

पली सक [**परि+इ**] पर्यटन करना, भ्रमण करना। **पलेइ**; (सूअ १, १३, ६), पलिंति; (सूअ १, १, ४, ६)।

पली अक [**प्र+ली**] लीन होना, आसक्ति करना। पलिंति; (सूअ १, २, २, २२)। वकृ—**पलेमाण**; (आचा १, ४, १, ३)।

पलीण वि [**प्रलीन**] १ अति लीन; (भग २५, ७)। २ संबद्ध; (सूअ १, १, ४, २)। ३ प्रलय-प्राप्त, नष्ट; (सुर ४, १५४)। ४ छिपा हुआ, निलीन; (सुर ६, २८)।

पलीमंथ देखो **पलिमंथ**; (सूअ १, ६, १२)।

पलीव अक [**प्र+दीप्**] जलना। पलीवइ ; (हे ४, १५२; षड्)।

पलीव सक [**प्र+दीपय्**] जलाना, सुलगाना। पलीवइ, पलीवेइ; (महा; हे १, २२१)। संकृ—**पलीविऊण, पलीविअ**; (कुप्र १६०; गा ३३)।

पलीव पुं [**प्रदीप**] दीपक, दिआ; (प्राकृ १२; षड्)।

पलीवग वि [**प्रदीपक**] आग लगाने वाला; (पणह १, १)।

पलीवण न [**प्रदीपन**] आग लगाना; (श्रा २८; कुप्र २६)।

पलीवणया स्त्री. ऊपर देखो; (निचू १६)।

पलीविअ देखो **पलीव**=प्र+दीपय्।

पलीविअ वि [**प्रदीप्त**] प्रज्वलित; (पाअ)।

पलीविअ वि [**प्रदीपित**] जलाया हुआ; (उव)।

पलुंपण न [**प्रलोपन**] प्रलोप; (औप)।

पलुट्ट वि [**प्रलुठित**] लेटा हुआ; (दे १, ११६)।

पलुट्ट देखो **पलोट्ट**= पर्यस्त; (हे ४, ४२२)।

पलुट्टिअ देखो **पलोट्टिअ**=पर्यस्त; (कुमा ४, ७५)।

पलुट्ठ वि [**प्लुष्ट**] दग्ध, जला हुआ; (सुर ६, २०६; सुपा ४)।

पलेमाण देखो **पली**=प्र + ली।

पलेव पुं [**प्रलेप**] एक जाति का पत्थर, पाषाण-विशेष; (जी ३)।

पलोअ सक [**प्र+लोक्, लोकय्**] देखना, निरीक्षण करना। पलोएइ, पलोअए, पलोएइ; (सण; महा)। कर्म—पलोइज्जइ; (कप्प)। वकृ—**पलोअंत, पलोअअंत, पलोएंत, पलोएमाण, पलोयमाण**; (रयण १४; नाट—मालती ३२; महा; पि २६३; सुपा ४४; ३५१)।

पलोअण न [प्रलोकन] अवलोकन; (से १४, ३५; गा ३२२)।
पलोअणा स्त्री [प्रलोकना] निरीक्षण; (ओघ ३)।
पलोइ वि [प्रलोकिन्] प्रेक्षक; (औप)।
पलोइअ वि [प्रलोकित] देखा हुआ; (गा ११८; महा)।
पलोइर वि [प्रलोकितृ] प्रेक्षक; (गा १८०; भवि)।
पलोएंत } देखो **पलोअ**।
पलोएमाण }
पलोघर [दे] देखो **परोहड**; (गा ३१३ अ)।
पलोट्ट सक [प्रत्या + गम्] लौटना, वापिस आना। पलोट्टइ; (हे ४, १६६)।
पलोट्ट सक [र + अस्] १ फेंकना। २ मार गिराना। ३ अक. पलटना, विपरीत होना। ४ प्रवृत्ति करना। ५ गिरना। पलोट्टइ, पलोट्टेइ; (हे ४, २००; भग; कुमा)। वकृ—**पलोट्टंत**; (वज्जा ६६; गा २२२)।
पलोट्ट अक [प्र + लुठ्] जमीन पर लोटना। वकृ—**पलोट्टंत**; (से ५, ५८)।
पलोट्ट वि [पर्यस्त] १ क्षिप्त, हुआ; २ हत; ३ विक्षिप्त; (हे ४, २५८)। ४ पतित, गिरा हुआ; (गा १७०)। ५ प्रवृत्त; "रेल्लंता वणभागा तओ पलोट्टा जवा जलाणोघा" (कुमा)।
पलोट्टजीह वि [दे] रहस्य-भेदी, बात को प्रकट करने वाला; (दे ६, ३५)।
पलोट्टण न [प्रलोठन] ढुलकाना, गिराना; (उप पृ ११०)।
पलोट्टिअ देखो **पलोट्ट**=पर्यस्त; (कुमा)।
पलोभ सक [प्र + लोभय्] लुभाना, लालच देना। पलोभेदि (शौ); (नाट—मृच्छ ३१३)।
पलोभविअ वि [प्रलोभित] लुभाया हुआ; (धर्मवि ११२)।
पलोभि वि [प्रलोभिन्] विशेष लोभी; (धर्मवि ७)।
पलोभिअ देखो **पलोभविअ**; (सुपा ३४३)।
पलोव (अप) देखो **पलोअ**। पलोवइ; (भवि)।
पलोहर [दे] देखो **परोहड**; (गा ६८५ अ)।
पलोहिद (शौ) देखो **पलोभिअ**; (नाट)।
पल्ल पुंन [पल्य] १ गोल आकार का एक धान्य रखने का पात्र; (पव १५८; ठा ३, १)। २ काल-परिमाण विशेष, पल्योपम; (पउम २०, ६७; दं २७)। ३ संस्थान-विशेष, पल्यंक संस्थान; "पल्लासंठाणसंठिया" (सम ७७)।
पल्ल पुं [पल्ल] धान्य भरने का बड़ा कोठा; "बहवे पल्ला सालीणं पडिपुण्णा चिट्ठंति" (णाया १, ७—पत्र ११५)।
पल्लंक देखो **पलिअंक**; (हे २, ६८; षड्)।
पल्लंक पुं [पल्यङ्क] शाक-विशेष, कन्द-विशेष; (श्रा २०; जी ६; पव ४; संबोध ४४)।
पल्लंघण न [प्रलङ्घन] १ अतिक्रमण; (ठा ७)। २ गमन, गति; (उत्त २४, ४)।
पल्लग देखो **पल्ल**=पल्ल; (विसे ७०६)।
पल्लट्ट देखो **पलट्ट**=परि + अस्। पल्लट्टइ; (हे ४, २००; भवि)। संकृ—**पल्लट्टिउं**; (पंचा १३, १२)।
पल्लट्ट पुं [दे] पर्वत-विशेष; (पण्ह १, ४)।
पल्लट्ट पुं [दे. परिवर्त] काल-विशेष, अनन्त काल चक्रों का समय; (भग ४७)।
पल्लट्ट } देखो **पलोट्ट**=पर्यस्त; (हे २, ४७; ६८)।
पल्लत्थ }
पल्लत्थि स्त्री [पर्यस्ति] आसन-विशेष;
"पायपसारणं पल्लत्थिबंधणं बिंबपट्ठिदाणं च।
उच्चासणसेवणया जिणपुरओ भन्नइ अवन्ना ॥"
(चेइय ६०)। देखो **पल्हत्थिया**।
पल्लल न [पल्वल] छोटा तलाव; (प्राकृ १७; कप्पा १, १; सुपा ६४६; स ४२०)।
पल्लव पुं [पल्लव] १ किशलय, अंकुर; (पाअ; औप)। २ पत्र, पत्ता; (से २, २६)। ३ देश-विशेष; (भवि)। ४ विस्तार; (कप्पू)।
पल्लव देखो **पज्जव**; (सम ११३)।
पल्लवाय न [दे] क्षेत्र, खेत; (दे ६, २६)।
पल्लविअ वि [दे] लाक्षा-रक्त; (दे ६, १६; पाअ)।
पल्लविअ वि [पल्लवित] १ पल्लवाकार; (दे ६, १६)। २ अंकुरित, प्रादुर्भूत, उत्पन्न; (दे १, २)। ३ पल्लव-युक्त; (रंभा)।
पल्लविल्ल वि [पल्लववत्] पल्लव-युक्त; (सुपा ५; भग २४)।
पल्लविल्ल देखो **पल्लव**; (हे २, १६४)।
पल्लस्स देखो **पलोट्ट**=परि+अस्। पल्लस्सइ; (प्राकृ ७२)।
पल्लाण न [पर्याण] अश्व आदि का साज; "किं करिओ पल्लाणं उव्वाढुं रासभा तरइ" (प्रवि १७; प्राप्र)।
पल्लाण सक [पर्याणय्] अश्व आदि को सजाना। पल्लाणेइ; (स २२)।
पल्लाणिअ वि [पर्याणित] पर्याण-युक्त; (कुमा)।

पल्लि स्त्री [**पल्लि**] १ छोटा गाँव। २ चोरों के का गहन स्थान; (उप ७२८ टी)। **°नाह** पुं [**°नाथ**] पल्ली का स्वामी; (सुपा ३५१; सुर २, ३३)। **°वइ** पुं [**°पति**] वही अर्थ; (सुर १, १६१ ; सुपा ३५१)।

पल्लिअ वि [**दे**] १ आक्रान्त; (निचू २)। २ ; (निचू १)। ३ प्रेरित; "पल्लट्टा पल्लिआरहट्टव्व" (४७)।

पल्लित्त वि [**दे**] पर्यस्त; (षड्)।

पल्ली देखो **पल्लि**; (गउड; पंचा १०, ३६; सुर २, २०४)।

पल्लीण वि [**प्रलीन**] विशेष लीन; "गुत्तिदिए अल्लीणे पल्लीणे चिट्ठइ" (भग २५, ७; कप्प)।

पल्लोट्टजीह [**दे**] देखो **पलोट्टजीह**; (षड्)।

पल्हत्थ देखो **पलोट्ट**+परि + अस्। पल्हत्थइ; (हे ४, २००)। वकृ—**पल्हत्थंत**; (से १०, १०; २, ५)। कवकृ—**पल्हत्थंत**; (से ८, ८३; ११, ६६)।

पल्हत्थ सक [**वि + रेचय्**] बाहर निकालना। पल्हत्थइ; (हे ४, २६)।

पल्हत्थ देखो **पलोट्ट**=पर्यस्त; "करतलपल्हत्थमुहे" (सूअ २, २, १६; हे ४, २५८)।

पल्हत्थण न [**पर्यसन**] फेंक देना, प्रक्षेपण; "अन्नदा भुवण-पल्हत्थणपवणो समुट्ठिदो दुट्ठपवणो" (मोह ६२)।

पल्हत्थरण देखो **पच्चत्थरण**; (से ११, १०८)।

पल्हत्थाविअ वि [**विरेचित**] बाहर निकलवाया हुआ; (कुमा)।

पल्हत्थिअ देखो **पलोट्ट**=पर्यस्त; (से ७, २०; णाया १, ४६—पत्र २१६; सुपा ७६)।

पल्हत्थिया स्त्री [**पर्यस्तिका**] आसन-विशेष;—१ दो जानू खड़ा कर पीठ के साथ चादर लपेट कर बैठना; (पव ३८), २ जंघा पर वस्त्र लपेट कर बैठना; ३ जंघा पर पाँव रख कर बैठना; (उत्त १, १६)। **°पट्ट** पुं [**°पट्ट**] योग-पट्ट; (राज)।

पल्हय पुं [**पह्लव**] १ अनार्य देश-विशेष; (कस; कुप्र ६७)। २ पुंस्त्री. पह्लव देश का निवासी; भग ३, २—पत्र १७०; अंत)। स्त्री—**°वी, विया**; (पि ३१०; औप; णाया १, १—पत्र ३७; इक)।

पल्हवि पुंस्त्री [**दे. पह्लवि**] हाथी की पीठ पर बिछाया जाता एक तरह का कपड़ा ; "पल्हवि हत्थत्थरणं" (पव ८४)।

पल्हविया) देखो **पल्हव**।
पल्हवी)

पल्हाय सक [**प्र+ह्लादु**] आनन्दित करना, करना। पल्हायइ; (संबोध १२)। वकृ—**पल्हायंत**; (उव; सुर ३, १२१)। कृ—देखो **पल्हायणिज्ज**।

पल्हाय पुं [**प्रह्लाद**] १ आनन्द, खुशी; (कुमा)। २ हिरण्यकशिपु-नामक दैत्य का पुत्र; (हे २, ७६)। ३ आठवाँ प्रतिवासुदेव राजा; (पउम ५, १५६)। ४ एक विद्याधर नरेश; (पउम १५, ५)।

पल्हायण न [**प्रह्लादन**] १ चित्त-प्रसन्नता, खुशी; (उत्त २६, १७)। २ वि. आनन्द-दायक; (सुपा ५०७)। ३ पुं. रावण का एक सुभट; (पउम ५६, ३६)।

पल्हायणिज्ज वि [**प्रह्लादनीय**] आनन्द-जनक; (णाया १, १—पत्र १३)।

पल्हीय पुं. ब. [**प्रह्लीक**] देश-विशेष; (पउम ६८, ६६)।

पव अक [**प्लु**] १ फरकना। २ सक. उछल कर जाना। ३ तैरना। पवेज्ज; (सूअ १, १, २, ८)। वकृ—**पवंत, पवमाण**; (से ५, ३७; आचा २, ३, २, ४)। हेकृ—**पविउं**; (सूअ १, १, ४, २)।

पव पुं [**प्लव**] १ पूर; (कुमा)। २ उच्छलन, कूदना; ३ तरण, तैरना; ४ भेक, मेढ़क; ५ वानर, बन्दर; ६ चाण्डाल, डोम; ७ जल-काक; ८ पाकुड़ का पेड़; ६ कारण्डव पक्षी; १० शब्द, आवाज; ११ रिपु, दुश्मन; १२ मेष, मेंढ़ा; १३ जल-कुक्कुट; १४ जल, पानी; १५ जलचर पक्षी; १६ नौका, नाव; (हे २, १०६)।

पवंग पुं [**प्लवङ्ग**] १ वानर; (से २, ४६; ४, ४७)। २ वानर-वंशीय मनुष्य। **°नाह** पुं [**°नाथ**] वानर-वंशीय राजा, बाली; (पउम ६, २६)। **°वइ** पुं [**°पति**] वानर-राज; (पि ३७६)।

पवंगम पुं [**प्लवंगम**] १ वानर; (पाअ; से ६, १६)। छन्द-विशेष; (पिंग)।

पवंच पुं [**प्रपञ्च**] १ विस्तार; (उप ५३० टी; औप)। २ संसार; (सूअ १, ७; उव)। ३ प्रतारण, ठगाई; (उव)।

पवंचण न [**प्रपञ्चन**] विप्रतारण, वञ्चना, ठगाई; (पण्ह १, १—पत्र १४)।

पवंचा स्त्री [**प्रपञ्चा**] मनुष्य की दश दशाओं में सातवीं दशा—६० से ७० वर्ष की अवस्था; (ठा १०; तंदु १६)।

पवंचिअ वि [**प्रपञ्चित**] विस्तारित; (श्रा १४; कुप्र ११८)।

पवंछ सक [**प्र+वाञ्छ्**] वाञ्छना, अभिलाषा करना। वकृ—**पवंछमाण**; (उप पृ १८०)।

पवंत देखो **पव**=प्लु।

पवंपुल पुंन [**दे**] मच्छी पकड़ने का जाल-विशेष; (विपा १, ८—पत्र ८५)।

पवक वि [**प्लवक**] १ उछल-कूद करने वाला; २ तैरने वाला; (पणह १, १ टी—पत्र २)। ३ पुं. पक्षी; ४ देव-जाति विशेष, सुपर्णकुमार-नामक देव-जाति; (पणह २, ४—पत्र १३०)।

पवक्खमाण देखो **पवय**=प्र+वच्।

पवग देखो **पवक**; (पणह २, ४; कप्प; औप)।

पवज्ज सक [**प्र+पद्**] स्वीकार करना। पवज्जइ, पवज्जिज्जा; (भवि; हित २०)। भवि—पवज्जिहिसि; (गा ६६१)। वकृ—**पवज्जंत**; (श्रा २७)। संकृ—**पवज्जिय**; (मोह १०)। कृ—**पवज्जियव्व**; (पंचा १६)।

पवज्जण न [**प्रपदन**] स्वीकार, अंगीकार; (स २७१; पंचा १४, ८; श्रावक १११)।

पवज्जा देखो **पव्वज्जा**; (महानि ४)।

पवज्जिय वि [**प्रपन्न**] स्वीकृत, अंगीकृत; (धर्मवि ५३; कुप्र २६५; सुपा ४०७)।

पवज्जिय वि [**प्रवादित**] जो बजने लगा हो; (स ७५६)।

पवज्जिय देखो **पवज्ज**।

पवट्ट अक [**प्र+वृत्**] प्रवृत्ति करना। पवट्टइ; (महा)।

पवट्ट वि [**प्रवृत्त**] जिसने प्रवृत्ति की हो वह; (षड्; हे २, २६ टि)।

पवट्टय वि [**प्रवर्तक**] प्रवृत्ति कराने वाला; (राज)।

पवट्टि स्त्री [**प्रवृत्ति**] प्रवर्तन; (हम्मीर १५)।

पवट्टिअ वि [**प्रवर्तित**] प्रवृत्त किया हुआ; (भवि; दे)।

पवट्ठ देखो **पउट्ठ**=प्रकोष्ठ; (हे १, १५६)।

पवड अक [**प्र+पत्**] पड़ना, गिरना। पवडइ, पवडिज्ज, पवडेज्ज; (भग; कप्प; आचा २, २, ३, ३)। वकृ—**पवडंत, पवडेमाण**; (णाया १, १; सिरि ६८६; आचा २, २, ३, ३)।

पवडण न [**प्रपतन**] अधः-पात; (बृह ६)।

पवडणया } स्त्री [**प्रपतना**] ऊपर देखो; (ठा ४, ४—
पवडणा } पत्र २८०; राज)।

पवडेमाण देखो **पवड**।

पवड्ड अक [**दे**] पोढ़ना, सोना। "जाव राया पवड्ढइ ताव कहेहि किंचि अक्खाणयं" (सुख ६, १)।

पवड्ढ अक [**प्र+वृध्**] बढ़ना। पवड्ढइ; (उव)। वकृ—**पवड्ढमाण**; (कप्प; सुर १, १८१; श्रु १२४)।

पवड्ढ वि [**प्रवृद्ध**] बढ़ा हुआ; (अज्झ ७०)।

पवड्ढण न [**प्रवर्धन**] १ बढ़ाव, प्रवृद्धि; (संबोध ११)। २ वि. बढ़ाने वाला; "संसारस्स पवड्ढणं" (सूअ १, १, २, २४)।

पवड्ढिय वि [**प्रवर्धित**] बढ़ाया हुआ; (भवि)।

पवण वि [**प्रवण**] १ तत्पर; (कुप्र १३४)। २ तंदुरस्त, सुस्थ; "पडियरिओ तह, पवणो पुव्वं व जहा स संजाओ" (उप ५६७ टी; कुप्र ४१८)।

पवण न [**प्लवन**] १ उछल कर गमन; (जीव ३)। २ तरण; "तरिउकामस्स पवहणं(? वण)किच्चं" (णाया १, १४—पत्र १६१)। °**किच्च** पुं [°**कृत्य**] नौका, नाव, डोंगी; (णाया १, १४)।

पवण पुं [**पवन**] १ पवन, वायु; (पाअ; प्रासू १०२)। २ देव-जाति विशेष, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति, पवनकुमार; (औप; पणह १, ४)। ३ हनुमान का पिता; (से १, ४८)। °**गइ** पुं [°**गति**] हनुमान का पिता; (पउम १५, ३७), वानरद्वीप के राजा मन्दर का पुत्र; (पउम ६, ६८)। °**चंड** पुं [°**चण्ड**] व्यक्ति-वाचक नाम; (महा)। °**तणअ** पुं [°**तनय**] हनुमान; (से १, ४८)। °**नंदण** पुं [°**नन्दन**] हनुमान; (पउम १६, २७; सम्मत्त १२३)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] हनूमान; (पउम ५२, २८)। °**वेग** पुं [°**वेग**] १ हनूमान का पिता; (पउम १५, ६५)। २ एक जैन मुनि; (पउम २०, १६०)। °**सुअ** पुं [°**सुत**] हनूमान; (पउम ४६, १३; से ४, १३; ७, ४६)। °**णंद** पुं [°**नन्द**] हनूमान्; (पउम ५२, १)।

पवणंजअ पुं [**पवनञ्जय**] १ हनूमान का पिता; (पउम १५, ६)। २ एक श्रेष्ठि-पुत्र; (कुप्र ३७७)।

पवणिय वि [**प्रवणित**] सुस्थ किया हुआ, तंदुरस्त किया हुआ; (उप ७६८ टी)।

पवण्ण देखो **पवन्न**; (सण)।

पवत्त देखो **पवट्ट**=प्र+वृत्। पवत्तइ, पवत्तए; (पव २४७; उव)।

पवत्त सक [प्र + वर्तय्] प्रवृत्त करना। पवत्तेइ, पवत्तेहि; (कव १; कप्प)।

पवत्त देखो **पवट्ट**=प्रवृत्त; (पउम ३२, ७०; स ३७६; रंभा)।

पवत्तग वि [**प्रवर्त्तक**] प्रवृत्ति कराने वाला; (उप ३३६ टी; धर्मवि १३२)।

पवत्तण न [**प्रवर्तन**] १ प्रवृत्ति; (हे २, ३०; उत्त ३१, २)। २ वि. प्रवृत्ति कराने वाला; (उत्त ३१, ३; पण्ह १, ५)।

पवत्तय वि [**प्रवर्तक**] १ प्रवृत्ति करने वाला; (हे २, ३०)। वि. प्रवृत्त कराने वाला; "तित्थवरप्पवत्तयं" (अजि १८; गच्छ १, १०)।

पवत्ति स्त्री [**प्रवृत्ति**] प्रवर्तन। °**वाउय** वि [°**व्यापृत**] प्रवृत्ति में लगा हुआ; (औप)।

पवत्ति वि [**प्रवर्तिन्**] प्रवृत्ति कराने वाला; (ठा ३, ३; कस; कप्प)।

पवत्तिणी स्त्री [**प्रवर्तिनी**] साध्वीओं की अध्यक्षा, मुख्य जैन साध्वी; (सुर १, ४१; महा)।

पवत्तिय देखो **पवट्टिअ**; (काल)।

पवत्तिया स्त्री [**दे**] संन्यासी का एक उपकरण; (कुप्र ३७२)।

पवद देखो **पवय**=प्र + वद्। वकृ—**पवदमाण**; (आचा)।

पवदि स्त्री [**प्रवृति**] ढकना, आच्छादन; (संक्षि ६)।

पवद्ध देखो **पवड्ढ**=प्र + वृध्। वकृ—**पवद्धमाण**; (चेइय ६१६)।

पवद्ध पुं [**दे**] घन, हथौड़ा; (दे ६, ११)।

पवद्धिय देखो **पवड्ढिय**; (महा)।

पवन्न वि [**प्रपन्न**] १ स्वीकृत, अंगीकृत; (चेइय ११२; प्रासू २१)। २ प्राप्त; "गुरुयणगुरुविणयपवन्नमाणसो" (महा)।

पवमाण देखो **पव**=प्लु।

पवमाण पुं [**पवमान**] पवन, वायु; (कुप्र ४४४; सुपा ८६.)।

पवय सक [प्र + वद्] १ बकवाद करना। २ वाद-विवाद करना। वकृ—**पवयमाण**; (आचा १, ५, १, ३; आचा)।

पवय सक [प्र+वच्] बोलना, कहना। भवि—कवकृ—**पवक्खमाण**; (धर्मसं ६१)। कर्म—पवुच्चइ, पवुच्चई, पवुच्चति; (कप्प; पि ५४४; भग)।

पवय देखो **पवक**=प्लवक; (उप पृ २१०)।

पवय पुं [**प्लवग**] वानर, कपि; (पउम ६५, ५०; हे ४, २२०; पाअ; से २, ३७; १५, १७)। °**वइ** पुं [°**पति**] वानरों का राजा, सुग्रीव; (से २, ३६)। °**हिव** पुं [°**धिप**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (से २, ४०; १२, ७०)।

पवयण पुं [**प्राजन**] कोड़ा, चाबुक; (दे २, ६७)।

पवयण न [**प्रवचन**] १ जिनदेव-प्रणीत सिद्धान्त, जैन शास्त्र; (भग २०, ८; प्रासू १८१)। २ जैन संघ; "गुणसमुदाओ संघा पवयण तित्थं ति होइ एगट्ठा" (पंचा ८, ३६; विसे १११२; उप ४२३ टी; औप)। ३ आगम-ज्ञान; (विसे १११२)। °**माया** स्त्री [°**माता**] पाँच समिति और तीन गुप्ति रूप धर्म; (सम १३)।

पवर वि [**प्रवर**] श्रेष्ठ, उत्तम; (उवा; सुपा ३१६; ३४१; प्रासू १२६; १५४)।

पवरंग न [**दे. प्रवराङ्ग**] सिर, मस्तक; (दे ६, २८)।

पवरा स्त्री [**प्रवरा**] भगवान् वासुपूज्य की शासन-देवी; (पव २७)।

पवरिस सक [+ वृष्] बरसना, वृष्टि करना। पवरिसइ; (भवि)।

पवल देखो **पबल**; (कप्पू; कुप्र २४७)।

पवस अक [प्र + वस्] प्रयाण करना, विदेश जाना। वकृ—**पवसंत**; (से १, २४; गा ६४)।

पवसण न [**प्रवसन**] प्रवास, विदेश-यात्रा, मुसाफिरी; (स १६६; उप १०३१ टी)।

पवसिअ वि [**प्रोषित**] प्रवास में गया हुआ; (गा ४५; ८४०; सुर ५, २११; सुपा ४७३)।

पवह अक [प्र + वह्] १ बहना। २ सक. टपकना, झरना। पवहइ; (भवि; पिंग)। वकृ—**पवहंत**; (सुर २, ७५)। संकृ—**पवहित्ता**; (सम ८४)।

पवह सक [प्र + हन्] मार डालना। वकृ—"पिच्छउ **पवहंतं** मज्झ करयलं कलियकरवालं" (सुपा ५७२)।

पवह वि [**प्रवह**] १ बहने वाला; २ टपकने वाला, चूने वाला; "अट्ठ णालीओ अब्भंतरप्पवहाओ" (विपा १, १— पत्र १६)।

पवह पुं [**प्रवाह**] १ स्रोत, बहाव, जल-धारा; (गा ३६६; ५४१; कुमा)। २ प्रवृत्ति; ३ व्यवहार; ४ उत्तम अश्व; (हे १, ६८)। ५ प्रभाव; (राज)।

पवहण पुंन [**प्रवहण**] १ नौका, जहाज; (णाया १, ३; पि ३५७)। २ गाड़ी आदि वाहन; "जुग्गगया गिल्लिगया थिल्लिगया पवहणगया" (औप; वसु; चारु ७०)।

पवहाइअ वि [**दे**] प्रवृत्त; (दे ६, ३४)।
पवहाविय वि [**प्रवाहित**] बहाया हुआ; (भवि)।
पवा स्त्री [**प्रपा**] जलदान-स्थान, पानी-शाला, प्याऊ; (औप; पणह १, ३; महा)।
पवाइ वि [**प्रवादिन्**] १ वाद करने वाला, वादी; २ दार्शनिक; (सूम १, १, १; चउ ४७)।
पवाइअ वि [**प्रवात**] बहा हुआ (वायु); "पवाइया कलंबवाया" (स ६८६; पउम ५७, २७; णाया १, ८; स ३६)।
पवाइअ वि [**प्रवादित**] बजाया हुआ; (कप्प; औप)।
पवाण (अप) देखो **पमाण**=प्रमाण; (कुमा; पि २५१; भवि)।
पवाड सक [**प्र+पातय्**] गिराना। वकृ—**पवाडेमाण**; (भग १७, १—पत्र ७२०)।
पवादि देखो **पवाइ**; (धर्मसं १३३)।
पवाय अक [**प्र+वा**] १ सुख पाना। २ बहना (हवा का)। ३ सक. गमन करना। ४ हिंसा करना। पवाअइ; (प्राकृ ७६)। वकृ—**पवायंत**; (आचा)।
पवाय पुं [**प्रवाद**] १ किंवदन्ती, जन-श्रुति; (सुपा ३००; उप पृ २६)। २ परंपरा-प्राप्त उपदेश; ३ मत, दर्शन; "पवाएण पवायं जाणेज्जा" (आचा)।
पवाय पुं [**प्रपात**] १ गर्त, गढ़ा; (णाया १, १४—पत्र १६१; दे १, २२)। २ ऊँचे स्थान से गिरता जल-समूह; (सम ८४)। ३ तट-रहित निराधार पर्वत-स्थान; ४ रात में पड़ने वाली धाड़; (राज)। ५ पतन; (ठा २, ३)। °**द्दह** पुं [°**द्रह**] वह कुण्ड, जहां पर्वत पर से नदी गिरती हो; (ठा २, ३—पत्र ७३)।
पवाय पुं [**प्रवात**] १ प्रकृष्ट पवन; (पणह २, ३)। २ वि. बहा हुआ (पवन); (संक्षि ७)। ३ पवन-रहित; (बृह १)।
पवायग वि [**प्रवाचक**] पाठक, अध्यापक; (विसे १०६२)।
पवायण न [**प्रवाचन**] प्रपठन, अध्ययन; (सम्मत ११७)।
पवायणा स्त्री [**प्रवाचना**] ऊपर देखो; (विसे २८३५)।
पवायय देखो **पवायग**; (विसे १०६२)।
पवाल पुंन [**प्रवाल**] १ नवांकुर, किसलय; (पाअ ३४१; णाया १, १; सुपा १२६)। २ मूँगा, विद्रुम; (पाअ; कप्प)। °**मंत, °वंत** वि [°**वत्**] प्रवाल वाला; (णाया १, १; औप)।
पवालिअ वि [**प्रपालित**] जो पालने लगा हो वह; (उप ७२८ टी)।
पवास पुं [**प्रवास**] विदेश-गमन, परदेश-वास; (सुपा ६५७; हेका ३७; सिरि ३५६)।
पवासि, पवासु वि [**प्रवासिन्**] मुसाफिर; (गा ६८; षड्; पि ११८; हे ४, ३६५)।
पवाह सक [**प्र+वाहय्**] बहाना, चलाना। पवाहइ; (भवि)। भवि—पवाहेहिति; (विसे २४६ टी)।
पवाह देखो **पवह**=प्रवाह; (हे १, ६८; ८२; कुमा; णाया १, १४)।
पवाह पुं [**प्रबाध**] प्रकृष्ट पीड़ा; (विपा १, ६—पत्र ६०)।
पवाहण न [**प्रवाहन**] १ जल, पानी; (आवम)। २ बहाना, बहन कराना; (चेइय ५२३)।
पवि पुं [**पवि**] वज्र, इन्द्र का अस्त्र-विशेष; (उप २११ टी; सुपा ४६७; कुमा; धर्मवि ८०)।
पविअंभिअ वि [**प्रविजृम्भित**] प्रोल्लसित, समुत्पन्न; (गा ५३६ अ)।
पविआ स्त्री [**दे**] पत्नी का पान-पात्र; (दे ६, ४; ८, ३२; पाअ)।
पविइण्ण वि [**प्रवितीर्ण**] दिया हुआ; (औप)।
पविइण्ण, पविइन्न वि [**प्रविकीर्ण**] १ व्याप्त; (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। २ विक्षिप्त, निरस्त; (णाया १, १)।
पविकत्थ सक [**प्रवि+कत्थ्**] आत्म-श्लाघा करना। पविकत्थई; (सम ५१)।
पविकसिय वि [**प्रविकसित**] प्रकर्ष से विकसित; (राज)।
पविकिर सक [**प्रवि+कृ**] फेंकना। वकृ—**पविकिरमाण**; (ठा ८)।
पविक्खिअ वि [**प्रवीक्षित**] निरीक्षित, अवलोकित; (स ७४६)।
पविक्खिर देखो **पविकिर**। "नाविअजणे य भंडं पविक्खिरंते समुद्दम्मि" (सुर १३, २०६)।
पविग्घ वि [**दे**] विस्मृत; (षड्)।
पविचरिय वि [**प्रविचरित**] गमन-द्वारा सर्वत्र व्याप्त;(राय)।
पविज्जल वि [**प्रविज्वल**] १ प्रज्वलित; (सूम १, ५, २, ५)। २ रुधिरादि से पिच्छिल—व्याप्त; (सूम १, ५, २, १६; २१)।
पविट्ठ वि [**प्रविष्ट**] घुसा हुआ; (उवा; सुर ३, १३६)।
पविणी सक [**प्रवि+णी**] दूर करना। पविणेति; (भग)।
पवित्त पुं [**पवित्र**] १ दर्भ, तृण-विशेष; (दे ६, १४)।

२ वि. निर्दोष, निष्कलङ्क, शुद्ध, स्वच्छ; (कुमा; भग; उत्तर ४५)।

पवित्त देखो **पवट्ट**=प्रवृत्त; (से ६, ५७)।

पवित्त सक [**पवित्रय्**] पवित्र करना। वकृ—**पवित्तयंत**; (सुपा ८५)। कृ—**पवित्तियव्व**; (सुपा ५८४)।

पवित्तय न [**पवित्रक**] अंगूठी, अंगुलीयक; (णाया १, ५; औप)।

पवित्ताविय वि [**प्रवर्तित**] प्रवृत्त किया हुआ; (भवि)।

पवित्ति देखो **पवत्ति**=प्रवृत्ति; (सुपा २; ओघ ६३; औप)।

पवित्तिणी देखो **पवत्तिणी**; (कस)।

पवित्थर अक [**प्रवि + स्तृ**] फैलाना। वकृ—**पवित्थरमाण**; (पव २५५)।

पवित्थर पुं [**प्रविस्तर**] विस्तार; (उवा; सूअ २, २, ६२)।

पवित्थरिअ वि [**प्रविस्तृत**] विस्तीर्ण; (स ७५२)।

पवित्थरिल्ल वि [**प्रविस्तरिन्**] विस्तार वाला; (राज—पण्ह १, ५)। देखो **पविरल्लिय**।

पवित्थारि वि [**प्रविस्तारिन्**] फैलने वाला; (गउड)।

पविद्ध देखो **पव्विद्ध**; (पव २)।

पविद्धत्थ वि [**प्रविध्वस्त**] विनष्ट; (जीव ३)।

पविभत्ति स्त्री [**प्रविभक्ति**] पृथग् २ विभाग; (उत्त २, १)।

पविभाग पुं [**प्रविभाग**] ऊपर देखो; (विसे १६४२)।

पविमुक्क वि [**प्रविमुक्त**] परित्यक्त; (सुर ३, १३६)।

पविमोयण न [**प्रविमोचन**] परित्याग; (औप)।

पविय वि [**प्राप्त**] प्राप्त; "भुवि उवहासं पविया दुक्खाणं हुंति ते खिलया" (आरा ४४)।

पवियंभिर वि [**प्रविजृम्भितृ**] १ उल्लसित होने वाला; २ उत्पन्न होने वाला; (सण)।

पवियक्किय न [**प्रवितर्कित**] विकल्प, वितर्क; (उत्त २३, १४)।

पवियक्खण वि [**प्रविचक्षण**] विशेष प्रवीण; (उत्त ६, ६३)।

पवियार पुं [**प्रवीचार**] १ काया और वचन की चेष्टा-विशेष; (उप ६०२)। २ काम-क्रीडा, मैथुन; (देवेन्द्र ३४७; पव २६६)।

पवियारण न [**प्रविचारण**] संचार; "वाउपवियारणट्ठा छब्भायं ऊणयं कुज्जा" (पिंड ६५०)।

पवियारणा स्त्री [**प्रविचारणा**] काम-क्रीडा, मैथुन; (देवेन्द्र ३४७)।

पवियास सक [**प्रवि+काशय्**] फाड़ना, खोलना; "पवियासइ नियवयणं" (धर्मवि १२४)।

पवियासिय वि [**प्रविकासित**] विकसित किया हुआ; "पवियासियकमलवणं खणं निहालेइ दिणनाहं" (सुपा ३४)।

पविरइअ वि [**दे**] त्वरित, शीघ्रता-युक्त; (दे ६, २८)।

पविरंज सक [**भञ्ज्**] भाँगना, तोडना। पविरंजइ; (हे ४, १०६)।

पविरंजव वि [**दे**] स्निग्ध, स्नेह-युक्त; (षड्)।

पविरंजिअ वि [**भग्न**] भाँगा हुआ; (कुमा; दे ६, ७४)।

पविरंजिअ वि [**दे**] १ स्निग्ध, स्नेह-युक्त; २ कृत-निषेध, निवारित; (दे ६, ७४)।

पविरल वि [**प्रविरल**] १ अ-निबिड; २ विच्छिन्न; (गउड)। ३ अत्यन्त थोड़ा, बहुत ही कम; "परकज्जकरणरसिया दीसंति महीए पविरलनरिंदा" (सुपा २४०)।

पविरल्लिय वि [**दे**] विस्तार वाला; (पण्ह १, ५—पत्र ६१)। देखो **पवित्थरिल्ल**।

पविरिक्क वि [**प्रविरिक्त**] एकदम शून्य, बिलकुल खाली; (गउड ६८५)।

पविरेल्लिय [**दे**] देखो **पविरल्लिय**; (पण्ह १, ५ टी—पत्र ६२)।

पविलुंप सक [**प्रवि + लुप्**] बिलकुल नष्ट करना। कवकृ—**पविलुप्पमाण**; (महा)।

पविलुत्त वि [**प्रविलुप्त**] बिलकुल नष्ट; (उप ५६७ टी)।

पविलुप्पमाण देखो **पविलुंप**।

पविस सक [**प्र + विश्**] प्रवेश करना, घुसना। पविसइ; (उव; महा)। भवि—पविसिस्सामि, पविसिहिइ; (पि ५२६)। वकृ—**पविसंत, पविसमाण**; (पउम ७६, १६; सुपा ४४८; विपा १, ५; कप्प)। संकृ—**पविसित्ता, पविसित्तु, पविसिअ, पविसिऊण**; (कप्प; महा; अभि ११६; काल)। हेकृ—**पविसित्तए, पवेट्ठुं**; (कस; कप्प; पि ३०३)। कृ—**पविसिअव्व**; (ओघ ६१; सुपा ३८१)।

पविसण न [**प्रवेशन**] प्रवेश, पैठ; (पिंड ३१७)।

पविसू सक [**प्रवि+सू**] उत्पन्न करना। संकृ—**पविसुइत्ता**; (सूअ २, २, ६५)।

पविस्स देखो **पविस**। पविस्सइ; (महा)। वकृ—**पविस्समाण**; (भवि)।

पविहर सक [**प्रवि + हृ**] विहार करना, विचरना। पविहरंति; (उव)।

पविहस अक [**प्रवि + हस्**] हसना, हास्य करना। वकृ—**पविहसंत**; (पउम ५६, १७)।

पवीइय वि [**प्रवीजित**] हवा के लिए चलाया हुआ; (औप)।

पवीण वि [**प्रवीण**] निपुण, दक्ष; (उप ६८६ टी)।

पवीणी देखो **पविणी**। पवीणेइ; (औप)।

पवील सक [**प्र+पीडय्**] पीड़ना, दमन करना। पवीलए; (आचा १, ४, ४, १)।

पवुच्च° देखो **पवय**=प्र+वच्।

पवुट्ठ वि [**प्रवृष्ट**] १ खूब बरसा हुआ, जिसने प्रभूत वृष्टि की हो वह; (आचा २, ४, १, १३)। २ न. प्रभूत वृष्टि, वर्षण; "काले पवुट्ठं विअ अहिगांदिदं देवस्स सासणं" (अभि २२०)।

पवुड्ढ वि [**प्रवृद्ध**] बढ़ा हुआ, विशेष वृद्ध; (दे १, ६)।

पवुड्ढि स्त्री [**प्रवृद्धि**] बढ़ाव; (पंच ५, ३३)।

पवुत्त वि [**प्रोक्त**] १ जो कहने लगा हो, जिसने बोलना आरम्भ किया हो वह; (पउम २७, १६; ६४, २१)। २ उक्त, कथित; (धर्मवि ८२)।

पवुत्थ [**दे**] देखो **पउत्थ**; "खुड्डयं पुत्तं घेत्तुं गामे पवुत्था" (आक २३; २५)।

पवुद वि [**प्रवत**] प्रकर्ष से आच्छादित; (प्राकृ १२)।

पवूढ वि [**प्रव्यूढ**] १ धारण किया हुआ; (स ५११)। २ निर्गत; (राज)।

पवेइय वि [**प्रवेदित**] १ निवेदित, प्रतिपादित; "तमेव सच्चं नीसंकं जं जिणेहिं पवेइयं" (उप ३७४ टी; भग)। २ विज्ञात, विदित; (राज)। ३ भेंट किया हुआ; (उत्त १३, १३; सुख १३, १३)।

पवेइय वि [**प्रवेपित**] कम्पित; (पउम ५, ७८)।

पवेउज्ज सक [**प्र+वेदय्**] १ विदित करना। २ भेंट करना। ३ अनुभव करना। पवेज्जए; (सूअ १, ८, २४)।

पवेढिय वि [**प्रवेष्टित**] वेढ़ा हुआ; (सुर १२, १०४)।

पवेय देखो **पवेउज्ज**। पवेयंति; (आचा १, ६, २, १२)। हेकृ—**पवेइत्तए**; (कस)।

पवेयण न [**प्रवेदन**] १ प्ररूपण, प्रतिपादन; २ ज्ञान, निर्णय; ३ अनुभावन; (राज)।

पवेविय वि [**प्रवेपित**] प्रकम्पित; (णाया १, १—पत्र ४७; उत्त २२, ३६)।

पवेविर वि [**प्रवेपितृ**] काँपने वाला; (पउम ८०, ६४)।

पवेस सक [**प्र + वेशय्**] घुसाना। पवेसेइ; (महा)। पवेसआमि; (पि ४६०)।

पवेस पुं [**प्रवेश**] १ पैठ, घुसना; (कुमा; गउड; प्रासू २२)। २ नाटक का एक हिस्सा; (कप्पू)।

पवेस पुं [**प्रद्वेष**] अधिक द्वेष; (भवि)।

पवेसण, **पवेस ग**, **पवेसणय** पुंन [**प्रवेशन, °क**] १ प्रवेश, पैठ; (पणह १, १; प्रासू ३८; द्रव्य ३२)। २ विजातीय जन्मान्तर में उत्पत्ति, विजातीय योनि में प्रवेश; (भग ६, ३२)।

पवेसि वि [**प्रवेशिन्**] प्रवेश करने वाला; (औप)।

पवेसिय वि [**प्रवेशित**] घुसाया हुआ; (सण)।

पवोत्त पुं [**प्रपौत्र**] पौत्र का पुत्र; (आक ८)।

पव्व पुंन [**पर्वन्**] १ ग्रन्थि, गाँठ; (ओघ ४८६; जी १२; सुपा ५०७)। २ उत्सव, त्यौहार; (सुपा ५०७; श्रा २८)। ३ पूर्णिमा और अमावास्या तिथि; ४ पूर्णिमा और अमावस्या वाला पर्व; (ठा ६—पत्र ३७०; सुज्ज १०)। ५ अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा और अमावास्या का दिन;

"अट्ठमी चउद्दसी पुण्णिमा य तहमावसा हवइ पव्वं।
मासम्मि पव्वछक्कं तिन्नि य पव्वाइं पक्खम्मि" (धर्म २)।

६ मेखला, गिरिमेखला; ७ दंष्ट्रा-पर्वत; (सूअ १, ६, १२)। ८ संख्या-विशेष; (इक)। **°बीय** पुं [**°बीज**] इक्षु-आदि वृक्ष, जिसका पर्व—ग्रन्थि—ही उत्पत्ति का कारण होता है; (राज)। **°राहु** पुं [**°राहु**] राहु-विशेष, जो पूर्णिमा और अमावास्या में क्रमशः चन्द्र और सूर्य का ग्रहण करता है; (सुज्ज १६)।

पव्वइ न [**पर्वतिन्**] १ गोत्र-विशेष, काश्यप गोत्र की एक शाखा; २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; (राज)। देखो **पव्वपेच्छइ**।

पव्वइ° देखो **पव्वई**; (गा ४५५)।

पव्वइअ वि [**प्रव्रजित**] १ दीक्षित, संन्यस्त; (औप; दसनि २—गाथा १६४)। २ गत, प्राप्त; "अगाराओ अणगारियं पव्वइया" (औप; सम; कप्प)। ३ न. दीक्षा, संन्यास; (वव १)।

पव्वइंद पुं [**पर्वतेन्द्र**] मेरु पर्वत; (सुज्ज ५ टी)।

पव्वइग देखो **पव्वइअ**; (उप पृ ३३५)। स्त्री—**°गा**; (उप पृ ५४)।

पव्वइत्तेल्ल न [**दे**] बाल-मय कंडक—तावीज; (दे ६, ३१)।

पव्वई स्त्री [**पार्वती**] गौरी, शिव-पत्नी; (पाअ)।

पव्वंग पुंन [**पर्वाङ्ग**] संख्या-विशेष; (इक)।

पव्वइक } पुंन [**पर्वक**] १ वाद्य-विशेष; (पण्ह २, ५—पत्र
पव्वग } १४६)। २ ईख जैसी ग्रन्थि वाली वनस्पति; (पण्ण १)। ३ तृण-विशेष; (निचू १)।

पव्वज्ज पुं [**दे**] १ नख; २ शर, बाण; ३ बाल-मृग; (दे ६, ६६)।

पव्वज्जा स्त्री [**प्रव्रज्या**] १ गमन, गति; २ दीक्षा, संन्यास; (ठा ३, २; ४, ४; प्रासू १६७)।

पव्वणी स्त्री [**पर्वणी**] कार्तिकी आदि पर्व-तिथि; (णाया १, १—पत्र ५३)।

पव्वपेच्छइ न [**पर्वप्रेक्षकिन्**] देखो **पव्वइ**; (ठा ७—पत्र ३६०)।

पव्वय सक [**प्र+व्रज्**] १ जाना, गति करना। २ दीक्षा लेना, संन्यास लेना। **पव्वयइ**; (महा)। भवि—पव्वइस्सामो, पव्वइहिति; (औप)। वकृ—**पव्वयंत, पव्वयमाण**; (सुर १, १२३; ठा ३, १)। हेकृ—**पव्वइत्तए, पव्वइउं**; (औप; भग; सुपा २०६)।

पव्वय देखो **पव्वग**; (पण्ण १—पत्र ३३)।

पव्वय देखो **पव्वइअ**; "अगारमावसंतावि अरण्णा वावि पव्वया" (सूअ १, १, १, १६)।

पव्वय } पुंन [**पर्वत, °क**] १ गिरि, पहाड़; (ठा ३, ४;
पव्वयय } प्रासू १५४; उवा), "पव्वयाणि वणाणि य" (दस ७, २६; ३०)। २ पुं. द्वितीय वासुदेव का पूर्व-भवीय नाम; (सम १५३; पउम २०, १७१)। ३ एक ब्राह्मण-पुत्र का नाम; (पउम ११, ६)। ४ एक राजा; (भवि)। ५ एक राज-कुमार; (उप ६३७)। **°राय** पुं [**°राज**] मेरु पर्वत; (सुज्ज ५)। **°विदुग्ग** पुंन [**°विदुर्ग**] पर्वतीय देश, पहाड़ वाला प्रदेश; (भग)।

पव्वह सक [**प्र+व्यथ्**] पीड़ना, दुःख देना। पव्वहेज्जा; (सूअ १, १, ४, ६)। कवकृ—**पव्वहिज्जमाण**; (णाया १, १६—पत्र १६६)।

पव्वहणा स्त्री [**प्रव्यथना**] व्यथा, पीडा; (औप)।

पव्वहिय वि [**प्रव्यथित**] अति दुःखित; (आचा १, २, ६, १)।

पव्वा स्त्री [**पर्वा**] लोकपालों की एक बाह्य परिषद्; (ठा ३, २—पत्र १२७)।

पव्वाअंत देखो **पव्वाय=म्लै**।

पव्वाइअ वि [**प्रव्राजित**] १ जिसको दीक्षा दी गई हो वह; (सुपा ५६६)। २ न. दीक्षा देना; (राज)।

पव्वाइअ वि [**म्लान**] विच्छाय, शुष्क; (कुमा ६, १२)।

पव्वाइआ स्त्री [**प्रव्राजिका**] परिव्राजिका, संन्यासिनी; (महा)।

पव्वाडिअ देखो **पव्वालिअ=प्लावित**; (से ५, ४१)।

पव्वाण वि [**म्लान**] शुष्क, सूखा; (ओघ ४८८)।

पव्वाय देखो **पवाय**=प्र+वा। पव्वायइ; (प्राकृ ७६)।

पव्वाय सक [**प्र+व्राजय्**] दीक्षित करना; (सुपा ५६६)।

पव्वाय अक [**म्लै**] सूखना। पव्वायइ; (हे ४, १८)। वकृ—**पव्वायंत**; (से ७, ६७)।

पव्वाय वि [**म्लान, प्रवाण**] शुष्क, सूखा हुआ; (पाअ; ओघ ३६३; स २०३; से ३, ४८; ६, ६३; पिंड ४४)।

पव्वाय पुं [**प्रवात**] प्रकृष्ट पवन; (गा ६२३)।

पव्वाल सक [**छादय्**] ढकना, आच्छादन करना। पव्वालइ; (हे ४, २१)।

पव्वाल सक [**प्लावय्**] खूब भिजाना, तराबोर करना। पव्वालइ; (हे ४, ४१)।

पव्वालण न [**प्लावन**] तराबोर करना; (से ६, १५)।

पव्वालिअ वि [**प्लावित**] जल-व्याप्त, सराबोर किया हुआ; (पाअ; कुमा; से ६, १०)।

पव्वालिअ वि [**छादित**] ढका हुआ; (कुमा)।

पव्वाव सक [**प्र+व्राजय्**] दीक्षित करना, संन्यास देना। पव्वावेइ; (भग)। संकृ—**पव्वावेऊण**; (पंचव २)। हेकृ—**पव्वावित्तए, पव्वावेत्तए, पव्वावेउं**; (ठा २, १; कस; पंचभा)।

पव्वावण न [**प्रव्राजन**] दीक्षा देना; (उव; ओघ ४४२ टी)।

पव्वावण न [**दे**] प्रयोजन; (पिंड ५१)।

पव्वावणा स्त्री [**प्रव्राजना**] दीक्षा देना; (ओघ ४४३; पव २५; सूअनि १२७)।

पव्वाविय वि [**प्रव्राजित**] दीक्षित, साधु बनाया हुआ; (णाया १, १—पत्र ६०)।

पव्वाह सक [**प्र+वाहय्**] बहाना, प्रवाह में डालना। वकृ—**पव्वाहमाण**; (भग ५, ४)।

पव्विद्ध वि [**दे**] प्रेरित; (दे ६, ११)।

पव्विद्ध वि [**प्रवृद्ध**] महान्, बड़ा; (से १४, ५१)।

पव्विद्ध न [**प्रविद्ध**] गुरु-वन्दन का एक दोष, वन्दन को बिना ही समाप्त किये भागना; (पव २)।

पव्वीसग न [**दे. पव्वीसग**] वाद्य-विशेष; (पणह १, ४—पत्र ६८)।

पसइ स्त्री [**प्रसृति**] १ नाप-विशेष, दो अंजलि का एक परिमाण; (तंदु २६)। २ पूर्ण अञ्जलि, दो हस्त-तल मिला कर भरी हुई चीज; (कुप्र ३७४)।

पसंग पुंन [**प्रसङ्ग**] १ परिचय, उपलक्ष; (स ३०५)। २ संगति, संबन्ध; "लोए पलीवणं पिव पलालपूलप्पसंगेण" (ठा ४, ४; कुप्र २६),

"वरं दिट्ठिविसो सप्पो वरं हालाहलं विसं ।
हीणायारागीयत्थवयणपसंगं खु णो भद्दं" (संबोध ३६)।

३ आपत्ति, अनिष्ट-प्राप्ति; (स १७४)। ४ मैथुन, काम-क्रीडा; (पणह १, ४)। ५ आसक्ति; ६ प्रस्ताव, अधिकार; (गउड; भवि; पंचा ६, २६)।

पसंगि वि [**प्रसङ्गिन्**] प्रसंग करने वाला, आसक्त; "जूयप्प-" (महा; णाया १, २)।

पसंज ; [**प्र+सञ्ज्**] १ आसक्ति करना। २ आपत्ति होना, अनिष्ट-प्राप्ति होना। पसज्जइ; (उव)। "अणिच्चे जीवलोगम्मि किं हिंसाए पसज्जसि" (उत्त १८, ११; १२)। पसज्जेज्जा; (विसे २६६)।

पसंडि न [**दे**] कनक, सुवर्ण; (दे ६, १०)।

पसंत वि [**प्रशान्त**] १ प्रकृष्ट शान्त, शम-प्राप्त; (कप्प; स ४०३; कुमा)। २ साहित्यशास्त्र-प्रसिद्ध रस-विशेष, शान्त रस; (अणु)।

पसंति स्त्री [**प्रशान्ति**] नाश, विनाश; "सव्वदुक्खप्पसंतीणं" (अजि ३)।

पसंधण न [**प्रसन्धान**] सतत प्रवर्तन; (पिंड ४६०)।

पसंस सक [**प्रशंस्**] श्लाघा करना। पसंसइ; (महा; भवि)। **कृ—पसंसंत, पसंसमाण**; (पउम २८, १५; २२, ६८)। कवकृ—**पसंसिज्जमाण**; (वसु)। संकृ—**पसंसिऊण**; (महा)। कृ—**पसंसणिज्ज, पसस्स, पसंसियव्व**; (सुपा ४७; ६४५; सुर १, २१६; पउम ७५, ८), देखो **पसंस**।

पसंस वि [**प्रशस्य**] १ प्रशंसा-योग्य; २ पुं. लोभ; (सूअ १, २, २, २६)।

पसंसण न [**प्रशंसन**] प्रशंसा, श्लाघा; (उप १४२ टी; सुपा २०६; उप पं १७)।

पसंसय वि [**प्रशंसक**] प्रशंसा करने वाला; (श्रा ६; भवि)।

पसंसा स्त्री [**प्रशंसा**] श्लाघा, स्तुति, वर्णन; (प्राप्र १६७; कुमा)।

पसंसिअ वि [**प्रशंसित**] श्लाघित; (उत्त १४, ३८)।

पसज्ज° देखो **पसंज**।

पसज्झ) अ [**प्रसह्य**] १ खुले तौर से, प्रकट रीति से;
पसज्झं) (सूअ १, २, २, १६)। २ हठात्, बलात्कार से; (स ३१)।

पसढ वि [**प्रशठ**] अत्यन्त शठ; (सूअ २, ४, ३)।

पसढं देखो **पसज्झ**; (दस ५, १, ७२)।

पसढिल वि [**प्रशिथिल**] विशेष ढीला; (हे १, ८६)।

पसण्ण वि [**प्रसन्न**] १ खुश, स्वस्थ; (से ५, ४१; गा ४६५)। २ स्वच्छ, निर्मल; (औप; ओघ ३४५)। **°चंद** पुं [**°चन्द्र**] भगवान् महावीर के समय का एक राजर्षि; (उव; पडि)।

पसण्णा स्त्री [**प्रसन्ना**] मदिरा, दारू; (णाया १, १६; विपा १, २)।

पसत्त वि [**प्रसक्त**] १ चपका हुआ; (गउड ५१)। २ आसक्त; (गउड ५३१; उव)। ३ आपत्ति-ग्रस्त, अनिष्ट-प्राप्ति के दोष से युक्त; (विसे १८५६)।

पसत्ति स्त्री [**प्रसक्ति**] १ आसक्ति, अभिष्वङ्ग; (उप १३१)। २ आपत्ति-दोष; (अज्झ ११६)।

पसत्थ वि [**प्रशस्त**] १ प्रशंसनीय, श्लाघनीय; २ श्रेष्ठ, अच्छा; (हे २, ४५; कुमा)।

पसत्थि स्त्री [**प्रशस्ति**] वंशोत्कीर्तन, वंश-वर्णन; (गउड; सम्मत्त ८३)।

पसत्थु पुं [**प्रशास्तृ**] १ लेखाचार्य, गणित का अध्यापक; (ठा ३, १)। २ धर्म-शास्त्र का पाठक; (ठा ३, १; औप)। ३ मन्त्री, अमात्य; (सूअ २, १, १३)।

पसन्न देखो **पसण्ण**; (महा; भवि; सुपा ६१४)।

पसन्ना देखो **पसण्णा**; (पाअ; पउम १०२, १२२; सुर २, २६)।

पसप्प पुं [**प्रसर्प**] विस्तार, फैलाव; (द्रव्य १०)।

पसप्पग वि [**प्रसर्पक**] १ प्रकर्ष से जाने वाला, मुसाफिरी करने वाला; २ विस्तार को प्राप्त करने वाला; (ठा ४, ४—पत्र २६४)।

पसम अक [प्र+शम्] अच्छी तरह शान्त होना। पसमंति; (आक १६)।

पसम पुं [**प्रशम**] १ प्रशान्ति, शान्ति; (कुमा)। २ लगा तार दो उपवास; (संबोध ५८)।

पसम पुं [**प्रश्रम**] विशेष मेहनत—खेद; (आव ४)।

पसमण न [**प्रशमन**] १ प्रकृष्ट शमन; (पिंड ६६३; सुर १, २४६)। २ वि. प्रशान्त करने वाला; (स ६६५)। स्त्री—°णी; (कुमा)।

पसमाविअ वि [**प्रशमित**] प्रशान्त किया हुआ; (स ६२)।

पसमिक्ख सक [**प्रसम्+ईक्ष्**] प्रकर्ष से देखना। संकृ—**पसमिक्ख**; (उत्त १४, ११)।

पसमिण वि [**प्रशमिन्**] प्रशान्त करने वाला, नाश करने वाला; "पावंति, पावपसमिण पासजिण तुह प्पभावेण" (थमि १७)।

पसम्म देखो **पसम**=प्र+शम्। पसम्मइ; (गउड)। वकृ—**पसम्मंत**; (से १०, २२; गउड)।

पसय पुं [**दे**] १ मृग-विशेष; (दे ६, ४; पणह १, १; भवि; सण; महा)। २ मृग-शिशु; (विपा १, ४)।

पसय वि [**प्रसृत**] फैला हुआ; "पसयच्छि!" (वज्जा ११२; १४४)। देखो **पसिअ**=प्रसृत।

पसर अक [**प्र+सृ**] फैलना। पसरइ; (पि ४७७; भवि)। वकृ—**पसरंत**; (सुर १, ८६; भवि)।

पसर पुं [**प्रसर**] विस्तार, फैलाव; (हे ४, १५७; कुमा)।

पसरण न [**प्रसरण**] ऊपर देखो; (कप्पू)।

पसरिअ वि [**प्रसृत**] फैला हुआ, विस्तृत; (औप; गा ४; भवि; णाया १, १)।

पसरेह पुं [**दे**] किंजल्क; (दे ६, १३)।

पसल्लिअ वि [**दे**] प्रेरित; (षड्)।

पसव सक [**प्र+सू**] जन्म देना, उत्पन्न करना। पसवइ; (हे ४, २३३)। पसवंति; (उव)। वकृ—**पसवमाण**; (सुपा ४३४)।

पसव (अप) सक [**प्र+विश्**] प्रवेश करना। पसवइ; (प्राकृ ११६)।

पसव पुं [**प्रसव**] १ जन्म, उत्पत्ति; (कुमा)। २ न. पुष्प, फूल; "कुसुमं पसवं पसूअं च" (पाअ), "पुप्फाणि अ कुसुमाणि अ फुल्लाणि तहेव होंति पसवाणि" (दसनि १, ३६)।

पसव [**दे**] देखो **पसय**। "पसवा हवंति एए" (पउम ११, ७७)। °**नाह** पुं [°**नाथ**] मृगराज, सिंह; (स ६५७)। °**राय** पुं [°**राज**] सिंह; (स ६५७)।

पसवडक्क न [**दे**] विलोकन; (दे ६, ३०)।

पसवण न [**प्रसवन**] प्रसूति, जन्म-दान; (भग; उप ७४४; सुर ६, २४८)।

पसवि वि [**प्रसविन्**] जन्म देने वाला; (नाट—शकु ७४)।

पसविय वि [**प्रसूत**] जो जन्म देने लगा हो, जिसने जन्म दिया हो वह; "सयमेव पसविया हं महाकिलेसेण नरनाह" (सुर १०, २३०; सुपा ३६)। देखो **पसूअ**=प्रसूत।

पसविर वि [**प्रसवितृ**] जन्म देने वाला; (नाट)।

पसस्स देखो **पसंस**।

पसस्स वि [**प्रशस्य**] प्रभूत शस्य वाला; (सुपा ६४५)।

पसाइअ वि [**प्रसादित**] १ प्रसन्न किया हुआ; (स ३८६; ५७६)। २ प्रसन्न होने के कारण दिया हुआ; "अंगविलग्गमसेसं पसाइयं कडयवत्थाइं" (सुर १, १६३)।

पसाइआ स्त्री [**दे**] भिल्ल के सिर पर का पर्ण-पुट, भिल्लों की पगडी; (दे ६, २)।

पसाइयव्व देखो **पसाय**=प्र+सादय्।

पसाम वि [**प्रशाम्**] शान्त होने वाला; (षड्)।

पसाय सक [**प्र+सादय्**] प्रसन्न करना, खुश करना। पसाअंति, पसाएसि; (गा ६१; सिक्खा ६१)। वकृ—**पसाअमाण**; (गा ७४५)। हेकृ—**पसाइउं, पसाएउं**; (महा; गा ५२४)। कृ—**पसाइयव्व**; (सुपा ३६५)।

पसाय पुं [**प्रसाद**] १ प्रसत्ति, प्रसन्नता, खुशी; "जणमणपसायजणणो" (वसु)। २ कृपा, मेहरबानी; (कुमा)। ३ प्रणय; (गा ७१)।

पसायण न [**प्रसादन**] प्रसन्न करना; "देवपसायणपहाणमणो" (कुप्र ५; सुपा ७; महा)।

पसार सक [**प्र+सारय्**] पसारना, फैलाना। पसारेइ; (महा)। वकृ—**पसारेमाण**; (णाया १, १; आचा)। संकृ—**पसारिअ**; (नाट—मृच्छ २५५)।

पसार पुं [**प्रसार**] विस्तार, फैलाव; (कप्पू)।

पसारण न [**प्रसारण**] ऊपर देखो; (सुपा ५८३)।

पसारिअ वि [**प्रसारित**] १ फैलाया हुआ; (सण; नाट—वेणी २३)। २ न. प्रसारण; (सम्मत्त १३३; दस ४, ३)।

पसास सक [प्र+शासय्] १ शासन करना, हकूमत करना। २ शिक्षा देना। ३ पालन करना। वकृ—" रज्जं **पसासेमाणे** विहरइ " (णाया १, १ टी—पत्र ६; १, १४—पत्र १८६; औप; महा)।

पसाह सक [प्र+साधय्] १ वस में करना। २ सिद्ध करना। पसाहेइ; (नाट; भवि)। वकृ—**पसाहेमाण**; (औप)।

पसाहग वि [**प्रसाधक**] साधक, सिद्ध करने वाला; (धर्मसं २६)। °**तम** वि [°**तम**] १ उत्कृष्ट साधक; २ न. व्याकरण-प्रसिद्ध कारक-विशेष; करण-कारक; (विसे २१११)। देखो **पसाहय**।

पसाहण न [**प्रसाधन**] १ सिद्ध करना, साधना; " विज्जा-पसाहणुज्जयविज्जाहरसंनिरुद्धएगंतो" (सुर ३, १२)। २ उत्कृष्ट साधन; "सव्वुत्तमं माणुसत्तं दुल्लहं भवसमुद्दे पसाहणं नेव्वाणस्स न निउंजेति धम्मे " (स ७४४)। ३ अलंकार, भूषण; (णाया १, ३; से ३, ४४)। ४ भूषण आदि की सजावट; "भूसणपसाहणाडंबरेहिं" (वज्जा ११४; सुपा ६६)।

पसाहय देखो **पसाहग**; (काल)। २ सजाने वाला; (भग ११, ११)।

पसाहा स्त्री [**प्रशाखा**] शाखा की शाखा, छोटी शाखा; (णाया १, १; औप महा)।

पसाहाविय वि [**प्रसाधित**] विभूषित कराया गया, सजवाया हुआ; (भवि)।

पसाहि वि [**प्रसाधिन्**] सिद्ध करने वाला; "अब्भुदयपसाहिणी" (संबोध ८; ५४)।

पसाहिअ वि [**प्रसाधित**] अलंकृत किया हुआ, सजाया हुआ; (से ४, ६१; पाअ)।

पसाहिल्ल वि [**प्रशाखिन्**] प्रशाखा-युक्त; (सुर ८, १०८)।

पसिअ अक [प्र+सद्] प्रसन्न होना। पसिअ; (गा ३८४; ४६६; हे १, १०१)। पसियइ; (सण)। संकृ—**पसिऊण, पसिऊणं**; (सण; सुपा ७)।

पसिअ वि [**प्रसृत**] फैला हुआ, विस्तीर्ण; "पसिअच्छि!" (गा ६२०; ६२३)।

पसिअ न [**दे**] पूग-फल, सुपारी; (दे ६, ६)।

पसिंच सक [प्र+सिच्] सेचन करना। वकृ—**पसिंचमाण**; (सुर १२, १७२)।

पसिंडि (दे) देखो **पसंडि**; (पाअ)।

पसिक्खअ वि [**प्रशिक्षक**] सीखने वाला; (गा ६२६ अ)।

पसिज्जण न [**प्रसदन**] प्रसन्न होना; "अत्थक्करूसणं खणपसिज्जणं अलिअवअणमिब्बंधो" (गा ६७५)।

पसिढिल देखो **पसढिल**; (हे १, ८६; गा १३३; गउड)।

पसिण पुंन [**प्रश्न**] १ पृच्छा, प्रश्न; (सुपा ११; ४५३)। २ दर्पण आदि में देवता का आह्वान, मन्त्रविद्या-विशेष; (सम १२३; बृह १)। °**विज्जा** स्त्री [°**विद्या**] मन्त्रविद्या-विशेष; (ठा १०)। °**ापसिण** न [°**ाप्रश्न**] मन्त्रविद्या के बल से स्वप्न आदि में देवता के आह्वान द्वारा जाना हुआ शुभाशुभ फल का कथन; (पव २; बृह १)।

पसिणिय वि [**प्रश्नित**] पूछा हुआ; (सुपा १६; ६२५)।

पसिद्ध वि [**प्रसिद्ध**] १ विख्यात, विश्रुत; (महा)। २ प्रकर्ष से मुक्ति को प्राप्त, मुक्त; (सिरि ५६५)।

पसिद्धि स्त्री [**प्रसिद्धि**] १ ख्याति; (हे १, ४४)। २ शंका का समाधान, आक्षेप का परिहार; (अणु; चेइय ४६)।

पसिस्स देखो **पसीस**; (विसे १४)।

पसीअ देखो **पसिअ**=प्र+सद्। पसीयइ, पसीयउ; (कुप्र १)। संकृ—**पसीऊण**; (सण)।

पसीस पुं [**प्रशिष्य**] शिष्य का शिष्य; (पउम ४, ८६)।

पसु पुं [**पशु**] १ जन्तु-विशेष, सींग पूँछ वाला प्राणी, चतुष्पाद प्राणि-मात्र; (कुमा; औप)। २ अज, बकरा; (अणु)। °**भूय** वि [°**भूत**] पशु-तुल्य; (सूअ १, ४, २)। °**मेह** पुं [°**मेध**] जिसमें पशु का भोग दिया जाता हो वह यज्ञ; (पउम ११, १२)। °**वइ** पुं [°**पति**] महादेव, शिव; (गा १; सुपा ३१)।

पसुत्त वि [**प्रसुप्त**] सोया हुआ; (हे १, ४४; प्राप्र; णाया १, १६)।

पसुत्ति स्त्री [**प्रसुप्ति**] कुष्ठ रोग विशेष, नखादि-विदारण होने पर भी अचेतनता; (राज)। देखो **पसूइ**।

पसुव (अप) देखो **पसु**; (भवि)।

पसुहत्त पुं [**दे**] वृक्ष, पेड़; (दे ६, २६)।

पसू सक [प्र+सू] जन्म देना, प्रसव करना। वकृ—**पसूअमाण**; (गा १२३)। संकृ— **पसूइत्ता**; (राज)।

पसू वि [**प्रसू**] प्रसव-कर्ता, जन्म-दाता; (मोह २६)।

पसूअ न [**दे**] पुष्प, फूल; (दे ६, ६; पाअ; भवि)।

पसूअ वि [**प्रसूत**] १ उत्पन्न, जो पैदा हुआ हो; (णाया १, ७; उव; प्रासू १५६)। २ देखो **पसविय**; (महा)।

पसूअण न [**प्रसवन**] जन्म-दान; (सुपा ४०३)।

पसूइ स्त्री [**प्रसूति**] १ प्रसव, जन्म, उत्पत्ति; (पउम २१,

यक्ष; (संति ७)। ३ अप्काय का अधिष्ठायक देव; (ठा ५, १—पत्र २९२)। ४ पाँचवे देवलोक का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५)। ५ बारहवें चक्रवर्ती का पिता; (सम १५२)। ६ द्वितीय बलदेव और वासुदेव का पिता; (सम १५२; ठा ९—पत्र ४४७)। ७ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक योग; (पउम १७, १०७)। ८ ब्राह्मण, विप्र; (कुलक ३१)। ९ चक्रवर्ती राजा का एक देव-कृत प्रासाद; (उत्त १३, १३)। १० दिन का नववाँ मुहूर्त; (सम ५१)। ११ छन्द-विशेष; (पिंग)। १२ ईषत्प्राग्भारा पृथिवी; (सम २२)। १३ एक जैन मुनि का नाम; (कप्प)। १४ पुंन. एक विमानावास, देव-विमान-विशेष; (देवेन्द्र १३१; १३४; सम १९)। १५ मोक्ष, अपवर्ग; (सूअ २, ६, २०)। १६ ब्रह्मचर्य; (सम १८; ओघभा २)। १७ सत्य अनुष्ठान; (सूअ २, ५, १)। १८ निर्विकल्प सुख; (आचा १, ३, १, २)। १९ योगशास्त्र-प्रसिद्ध दशम द्वार; (कुमा)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान; (सम १९)। °कूड पुं [°कूट] १ महाविदेह वर्ष का एक वक्षस्कार पर्वत; (जं ४)। २ न. एक देव-विमान; (सम १९)। °चरण न [°चरण] ब्रह्मचर्य; (कुप्र ४६१)। °चारि वि [°चारिन्] १ ब्रह्मचर्य पालन करने वाला; (णाया १, १; उवा) २ पुं. भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर—प्रमुख मुनि; (ठा ८—पत्र ४२९)। °चेर, °चेर न [°चर्य] १ मैथुन-विरति; (आचा; पणह २, ४; हे २, ७४; कुमा; भग, सं ११; उप पृ ३४३) २ जिनेन्द्र-शासन, जिन-प्रवचन; (सूअ २, ५, १)। °ज्झय न [°ध्वज] एक देव-विमान; (सम १९)। °दत्त पुं [°दत्त] भारतवर्ष में उत्पन्न बारहवाँ चक्रवर्ती राजा; (ठा २, ४; सम १५२; उव)। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष; (राज)। °दीविया स्त्री [°दीपिका] जैन-मुनि गण की एक शाखा; (कप्प)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान; (सम १९)। °भूइ पुं [°भूति] एक राजा, द्वितीय वासुदेव का पिता; (पउम २०, १८२)। °यारि देखो °चारि; (णाया १, १; सम १३; कप्प; सुपा २७१; महा; राज), स्त्री—°णी; (णाया १, १४)। °रुइ पुं [°रुचि] स्वनाम-प्रसिद्ध एक ब्राह्मण, नारद का पिता; (पउम ११, ५२)। °लेस न [°लेश्य] एक देव-विमान; (सम १९)। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] एक स्वर्ग, पाँचवाँ देवलोक; (भग; अनु; सम १३)। °लोगवडिंसय न [°लोकावतंसक] एक देव-विमान; (सम १७)। °व. °वंत वि [°वत्] ब्रह्मचर्य वाला; (आचा)। °वडिंसय पुं [°वतंसक] सिद्ध-शिला, ईषत्प्राग्भारा पृथिवी; (सम २२)। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान; (सम १९)। °वय न [°व्रत] ब्रह्मचर्य; (णाया १, १)। °वि वि [°वित्] ब्रह्म का जानकार; (आचा)। °व्वय देखो °वय; (सं ५६; प्रासू १५६)। °संति पुं [°शान्ति] भगवान् महावीर का शासन-यक्ष; (गण ११; ती १५)। °सिंग न [°शृङ्ग] एक देव-विमान; (सम १९)। °सिट्ठ न [°सृष्ट] एक देव-विमान; (सम १९)। °सुत्त न [°सूत्र] उपवीत, यज्ञोपवीत; (मोह ३०; सुख २, १३)। °हिअ पुं [°हित] एक विमानावास, देव-विमान-विशेष; (देवेन्द्र १३४)। °ावत्त न [°ावर्त] एक देव-विमान; (सम १९)। देखो **बंभाण, बम्ह**।

बंभंड न [**ब्रह्माण्ड**] जगत्, संसार; (गउड; कुप्र ४; सुपा ३६८; ५६३)।

बंभण पुं [**ब्राह्मण**] ब्राह्मण, विप्र; (स २६०; सुर २, १३०; सुपा १६८; हे ४, २८०; महा)।

बंभणिआ स्त्री [**ब्राह्मणिका**] पञ्चेन्द्रिय जन्तु-विशेष; (पुप्फ २६७)।

बंभणिआ / **बंभणो** स्त्री [दे. **बंभणिका**] हलाहल, जहर; (दे ६, ९०; पाअ; दे ८, ६३; ७५)।

बंभण्ण / **बंभण्णय** स्त्री [**ब्रह्मण्य, ब्राह्मण्य, °क**] १ ब्राह्मण का हित; २ ब्राह्मण-संबन्धी; ३ न. ब्राह्मण-समूह; ४ ब्राह्मण-धर्म; "बंभण्णकज्जेसु सउज्जा" (सम्मत्त १४०; कप्प; औप; पि २५०)।

बंभलिज्ज न [**ब्रह्मलीय**] एक जैन मुनि-कुल; (कप्प)।

बंभहर न [दे] कमल, पद्म; (दे ६, ६१)।

बंभाण देखो **बंभ**; (पउम ५, १२२)। °गच्छ पुं [°गच्छ] एक जैन मुनि गच्छ; (ती २८)।

बंभि / **बंभी** स्त्री [**ब्राह्मी**] १ भगवान् ऋषभदेव की एक पुत्री; (कप्प; पउम ५, १२०; ठा ५, २; सम ९०)। २ लिपि-विशेष; (सम ३५; भग)। ३ कल्प-विशेष; (सुपा ३२४)। ४ सरस्वती देवी; (सिरि ७६४)।

बंभुत्तर पुं [**ब्रह्मोत्तर**] एक विमानावास, देव-विमान-विशेष; (देवेन्द्र १३४)। °वडिंसक न [°वतंसक] एक देव-विमान; (सम १९)।

बंहि पुं [**बर्हिन्**] मयूर, मोर; (उत्तर २६)।
बंहिण (अप) ऊपर देखो; (पि ४०६)।
बक देखो **बय**; (पणह १, १—पत्र ८)।
बक्कर न [**दे. वर्कर**] परिहास; (दे ६, ८६; कुप्र १६७; कप्पू)।
बक्कस न [**दे**] अन्न-विशेष; "'बक्कसं' मुद्गमाषादिनिष्पन्नमन्नं" (सुख ८, १२; उत्त ८, १२)।
बग देखो **बय**; (दे २, ६; कुप्र ६६)।
बगदादि पुं [**बगदादि**] देश-विशेष; बगदाद देश; "बगदादिविसयवसुहाहिवस्स खलीपनामधेयस्स" (हम्मीर ३४)।
बगी स्त्री [**बकी**] बगुली, बगुले की मादा; (विपा १, ३; मोह ३७)।
बग्गड पुं [**दे**] देश-विशेष; (ती १५)।
बज्झ वि [**बाह्य**] बाहर का, बहिरङ्ग; (पणह १, ३; प्रासू १७२)। °**ओ** अ [°**तस्**] बाह्य से, बहिरंग से; "किं ते जुज्झेण बज्झओ" (आचा)।
बज्झ न [**बन्ध**] बन्धन, बाँधने का वागुरा आदि साधन; "अह तं पवेज्ज बज्झं, अहे बज्झस्स वा वए" (सूअ १, १, २, ८)।
बज्झ वि [**बद्ध**] १ बन्धनाकार व्यवस्थित; "अह तं पवेज्ज बज्झं" (सूअ १, १, २, ८)। २ बँधा हुआ; (प्रति १५)।
बज्झंत } देखो **बन्ध=बन्ध्**।
बज्झमाण }
बठर पुं [**बठर**] मूर्ख छात्र; (कुप्र १६)।
बड (अप) वि [**दे**] बड़ा, महान्; (पिंग)। देखो **वड्ड**।
बडबड अक [**वि+लप्**] विलाप करना, बड़बड़ाना। बडबडइ; (षड्)।
बडहिला स्त्री [**दे**] धुरा के मूल में दी जाती कील, कीलक-विशेष; (सट्टि ११६)।
बडिस देखो **बलिस**; (हे १, २०२)।
बड्डु } पुं [**बटु, °क**] लड़का, छोकड़ा; (उप ७१३; सुपा २००)।
बड्डुअ }
बड्डुवास [**दे**] देखो **वड्डुवास**; (दे ७, ४७)।
बतीस } (अप) देखो **बत्तीस**; (पिंग)।
बत्तिस }
बत्तीस त्रीन [**द्वात्रिंशत्**] १ संख्या-विशेष, बत्तीस, ३२; २ जिनकी संख्या बत्तीस हो वे; "बत्तीसं जोगसंगहा पन्नत्ता" (सम ५७; औप; उव; पिंग)। स्त्री—°**सा**; (सम ५७)।
बत्तीसइ° स्त्री. ऊपर देखो; (सम ५७)। °**बद्धय** न [°**बद्धक**] १ बत्तीस प्रकार की रचनाओं से युक्त, २ बत्तीस पात्रों से निबद्ध (नाटक); "बत्तीसइबद्धएहिं नाडएहिं" (णाया १, १—पत्र ३६; विपा २, १ टी—पत्र १०४)। °**विह** वि [°**विध**] बत्तीस प्रकार का; (सम ५७)।
बत्तीसइम वि [**द्वात्रिंशत्तम**] १ बत्तीसवाँ, ३२ वाँ; (पउम ३२, ६७; पण्ण ३२)। २ न. पनरह दिनों का लगातार उपवास; (णाया १, १)।
बत्तीसा देखो **बत्तीस**।
बत्तीसिया स्त्री [**द्वात्रिंशिका**] १ बत्तीस पद्यों का निबन्ध—ग्रन्थ; (सम्मत १४४)। २ एक प्रकार का नाप; (अणु)।
बद्ध वि [**बद्ध**] १ बँधा हुआ, नियन्त्रित; "बद्धं संदाणिअं निअलिअं च" (पाअ)। २ संश्लिष्ट, संयुक्त; (भग; पाअ)। ३ निबद्ध, रचित; (आवम)। °**फल, °फल** पुं [°**फल**] १ करञ्ज का पेड़; (हे २, ६७)। २ वि. फल-युक्त, फल-संपन्न; (णाया १, ७—पत्र ११६)।
बद्धय पुं [**दे**] कान का एक आभूषण; (दे ६, ८६)।
बद्धेल्लग } देखो **बद्ध**; (अणु; महा)।
बद्धेल्लय }
बप्प पुं [**दे**] १ सुभट, योद्धा; (दे ६, ८८)। २ बाप, पिता; (दे ६, ८८; दस ७, १८; स ५८१; उप ३२० टी; सुर १, २२१; कुप्र ४३; जय; भवि; पिंग)।
बप्पहट्टि पुं [**बप्पभट्टि**] एक सुविख्यात जैन आचार्य; (विचार ५३३; ती ७)।
बप्पीह पुं [**दे**] पपीहा, चातक पक्षी; (दे ६, ६०; स ६८६; पाअ; हे ४, ३८३)।
बप्पुड वि [**दे**] बिचारा, दीन, अनुकम्पनीय; गुजराती में 'बापडुं'; (हे ४, ३८७; पिंग)।
बप्फ पुंन [**बाष्प**] १ भाफ, ऊष्मा; "बप्फो" (हे २, ७०; षड्), "बप्फं" (प्राकृ २३; विसे १५३५)। २ नेत्र-जल, अश्रु; "बप्फं बाहा य नयणजलं" (पाअ), "बप्फपज्जाउल-लोअणाहिं" (स ५६१; स्वप्न ८५)।
बप्फाउल वि [**दे. बाष्पाकुल**] अतिशय उष्ण; (दे ६, ६२)।
बब्बर पुं [**बर्बर**] १ अनार्य देश-विशेष; (पउम ६८, ६५)। २ वि. बर्बर देश का निवासी; (पणह १, १; पउम

६६, ५५)। °कूल न [°कूल] बर्बर देश का किनारा; (सिरि ४३०)।

बब्बरी स्त्री [दे] केश-रचना; (दे ६, ६०)।

बब्बरी स्त्री [बर्बरी] बर्बर देश की स्त्री; (णाया १, १; औप; इक)।

बब्बूल पुं [**बब्बूल**] वृक्ष-विशेष, बबूल का पेड़; (उप ८३३ टी; महा)।

बब्भ पुं [दे] वर्ध, चर्म, चमड़े की रज्जु; 'बब्भो बद्धे" (दे ६, ८८), "वज्जो बद्धो=(? बब्भो बद्धो)" (पाअ)।

बब्भागम वि [**बहुवागम**] बहु-श्रुत, शास्त्रों का अच्छा जानकार; (कस)।

बब्भासा स्त्री [दे] नदी-भेद, वह नदी जिसके पूर से भावित पानी में धान्य आदि बोया जाता हो; (राज)।

बब्भिआयण न [**बाभ्रव्यायन**] गोत्र-विशेष; (इक)।

बमाल पुं [दे] कलकल, कोलाहल; (दे ६, ६०)।

बम्ह पुं [**ब्रह्मन्**] १ ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७७)। २—देखो **बंभ**; (हे २, ७४; कुमा; गा ८१६; अच्चु १३; वज्जा २६; सम्मत ७७; हे १, ५६; २, ६३; ३, ५६)। °**चरिअ** देखो **बंभ—चेर**; (हे २, ६३; १०७)। °**तरु** पुं [°**तरु**] पलाश का पेड़; (कुमा)। °**धमणी** स्त्री [°**धमनी**] ब्रह्मनाडी; (अच्चु ८४)।

बम्हज्ज (शौ) देखो **बंभण्ण**; (प्राकृ ८७)।

बम्हण देखो **बंभण**; (अच्चु १७; प्रयौ ३७)।

बम्हण्णय देखो **बंभण्णय**; (भग)।

बम्हहर [दे] देखो **बंभहर**; (षड्)।

बम्हाल पुं [दे] अपस्मार, वायु-रोग विशेष, मृगी रोग; (षड्)।

बय पुं [**बक**] १ पक्षि-विशेष, बगुला; २ कुबेर; ३ महादेव; ४ पुष्प-वृक्ष विशेष, मल्लिका का गाछ; (श्रा २३)। ५ राक्षस-विशेष; (श्रा २३)। ६ असुर-विशेष, बकासुर. (वेणी १७७)।

बयाला देखो **बा—याला**; (पव १६)।

बरट पुं [दे] धान्य-विशेष; (पव १५४ टी)।

बरह न [**बर्ह**] १ मयूर-पिच्छ; (स ५००)। २ पत्र; ३ परिवार; (प्राकृ २८)। देखो **बरिह**।

बरहि) पुं [**बर्हिन्**] मयूर, मोर; (पाअ; प्राकृ २८;
बरहिण) पउम २८, १२०; णाया १, १; पण्ह १, १; औप)।

बरिह देखो **बरह**; (हे २, १०४)। °**हर** पुं [°**धर**] मयूर; (षड् ; प्राकृ २८)।

बरिहि) देखो **बरहि**; (कप्पू; हे ४, ४२२)।
बरिहिण)

बरुअ न [दे] तृण-विशेष, इक्षु-सदृश तृण; (दे ५, १६; ६, ६१; पाअ)।

बल अक [**बल्**] १ जीना। २ सक. खाना। **बलइ**; (हे ४, २५६)।

बल सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना। **बलइ**; (षड्)। देखो **वल=ग्रह्**।

बल पुं [**बल**] १ बलदेव, हलधर, वासुदेव का बड़ा भाई; (पउम २०, ८४; पाअ) २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ एक क्षत्रिय परिव्राजक; (औप)। ४ न. सामर्थ्य, पराक्रम; (जी ४२; स्वप्न ४२; प्रासू ६३)। ५ शारीरिक पराक्रम; "बलवीरियाणं जओ भेओ" (अज्झ ६५)। ६ सैन्य, सेना; (उत्त ६, ४; कुमा)। ७ खाद्य-विशेष; "आसाढाहिं बलेहिं भोजा कज्जं साधेंति" (सुज्ज १०, १७)। ८ अष्टम तप, लगातार तीन दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। ६ पर्वत-विशेष का एक कूट—शिखर; (ठा ६)। °**च्छिद** वि [°**च्छिद्**] १ बल का नाशक; २ न. जहर, विष; (से २, ११)। °**ण्णु** देखो °**न्न**; (राज)। °**देव** पुं [°**देव**] हली, वासुदेव का बड़ा भाई, राम (सम ७१; औप)। °**न्न** वि [°**ज्ञ**] बल को जानने वाला; (आचा)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] १ भरतक्षेत्र का भावी सातवाँ वासुदेव; (सम १५४)। २ राजा भरत का एक प्रपौत्र; (पउम ५, ३)। ३ एक विमानावास, देव-विमान-विशेष; (देवेन्द्र १३३)। देखो °**हद्द**। °**भाणु** पुं [°**भानु**] राजा बलमित्र का भागिनेय; (काल)। °**महणी** स्त्री [°**मथनी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४२)। °**मित्त** पुं [°**मित्र**] इस नाम का एक राजा; (विचार ४६४; काल)। °**व** वि [°**वत्**] १ बलवान्, बलिष्ठ; (विसे ७६८)। २ प्रभूत सैन्य वाला; (औप)। ३ पुं. अहोरात्र का आठवाँ मुहूर्त; (सुज्ज १०, १३)। °**वइ** पुं [°**पति**] सेनापति, सेनाध्यक्ष; (महा)। °**वंत, °वग** देखो °**व**; (णाया १, १; औप; णाया १, ५)। °**वत्त** न [°**वत्त्व**] बलिष्ठता; (ओघभा ६)। °**वाउय** वि [°**व्यापृत**] सैन्य में लगाया हुआ; (औप)। °**हद्द** पुं [°**भद्र**] १ बलदेव; २ छन्द-विशेष; (पिंग)। देखो °**भद्द**।

बलकार) पुं [**बलात्कार**] जबरदस्ती; (पउम ४६,
बलक्कार) २६; दे ६, ४६; अभि २१७; स्वप्न ७६)।
बलक्कारिद (शौ) वि [**बलात्कारित**] जिस पर बलात्कार किया गया हो वह; (नाट—मालती १२३)।
बलद्द पुं [**दे**] बलध, बैल; (सुपा ५४५; नाट—मृच्छ ६०)।
बलमड्डा स्त्री [**दे**] बलात्कार, जबरदस्ती; (दे ६, ६२)।
बलमोडि देखो **बलामोडि**; "मग्गिअलद्धे बलमोडिचुंबिए अप्पणेण उवणीदे" (गा ८२७)।
बलमोडिअ देखो **बलामोडिअ**; "केसेसु बलमोडिअ तेण समरम्मि जअस्सिरी गहिआ" (गा ६७७)।
बलय पुं [**दे**] बलध, बैल; (पउम ८०, १३)।
बलया देखो **बलाया**; (हे १, ६७)।
बलवट्टि स्त्री [**दे**] १ सखी; २ व्यायाम को सहन करने वाली स्त्री; (दे ६, ६१)।
बलहट्टुया स्त्री [**दे**] चने के रोटी; (वज्जा ११४)।
बला अ. स्त्री [**बलात्**] जबरदस्ती, बलात्कार; (से १०, ७८; ओघभा २०), "बलाए" (उप १०३१ टी)।
बला स्त्री [**बला**] १ मनुष्य की दश दशाओं में चौथी अवस्था, तीस से चालीस वर्ष तक की अवस्था; (तंदु १६)। २ दृष्टि-विशेष, योग की एक दृष्टि; ३ भगवान् कुन्थुनाथ की शासन-देवी, अच्युता; (राज)।
बलाका देखो **बलाया**; (पणह १, १—पत्र ८)।
बलाणय न [**दे**] १ उद्यान आदि में मनुष्य को बैठने के लिए बनाया जाता स्थान—बेंच आदि; (धर्मवि ३३; सिरि ५८६)। २ द्वार, दरवाजा; "पविसंतो चेव बलाणयम्मि कुज्जा निसीहिया तिन्नि" (चेइय १८८)।
बलामोडि स्त्री [**दे. बलामोटि**] बलात्कार; (दे ६, ६२)।
बलामोडिअ अ [**दे. बलादामोट्य**] बलात्कार से, जबरदस्ती से; "केसेसु बलामोडिअ तेण अ समरम्मि जयसिरी गहिआ" (काप्र १६७; उत्तर १०३; पि २३८)।
बलामोलि देखो **बलामोडि**; (से १०, ६४)।
बलाया स्त्री [**बलाका**] बक-विशेष, बिसकण्ठिका, बगुले की एक जाति; (हे १, ६७; उप १०३१ टी)।
बलाहग पुं [**बलाहक**] मेघ, जीमूत; "गलियजलबलाहग-पंडुरं" (वसु)।
बलाहगा देखो **बलाहया**; (ठा ८)।
बलाहय देखो **बलाहग**; (णाया १, १; कप्प; पाअ)।
बलाहया स्त्री [**बलाहका**] १ बक-विशेष, बलाका; (उप २६४)। २ देवी-विशेष, अनेक दिक्कुमारी देवियों का नाम; (इक—पत्र २३१; २३४)।
बलि पुं [**बलि**] १ असुरकुमारों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (ठा २, ३; १०; इक)। २ स्वनाम-प्रसिद्ध एक राजा; (गा ४०६)। ३ सातवाँ प्रतिवासुदेव; (पउम ५, १५६)। ४ एक दानव, दैत्य-विशेष; (कुमा)। ५ पुंस्त्री. उपहार, भेंट; (पिंड १६५; दे १, ६६)। ६ पूजोपहार, देवता को धरा जाता नैवेद्य; "सुरहिविलेवणपरकुसुमदामबलिदीवएहिं च" (पव १ टी), "वंदणपूयणबलिढोयणेसु" (चेइय ५२; पव १३३; सुर ३, ७८; कुप्र १७४)। ७ भूत आदि को दिया जाता भोग, बलिदान; "भूअबलिव्व" (वै ४६)। ८ पूजा, अर्चा, सपर्या; ६ राज-ग्राह्य भाग; १० चामर का दण्ड; ११ उपप्लव; (हे १, ३५)। १२ छन्द-विशेष; (पिंग)।
°उट्ठ पुं [**°पुष्ट**] काक, कौआ; (पाअ)। **°कम्म** न [**°कर्मन्**] १ पूजन, पूजा की क्रिया; २ देवता को उपहार—नैवेद्य—धरने की क्रिया; (भग; सूअ २, २, ५५; णाया १, १; ८; कप्प; औप)। **°चंचा** स्त्री [**°चञ्चा**] बलीन्द्र की राजधानी; (णाया २; इक)। **°मुह** पुं [**°मुख**] बन्दर, कपि; (पाअ)। **°यम्म** देखो **°कम्म**; (पउम ३७, ४६)।
बलि वि [**बलिन्**] १ बलवान्, बलिष्ठ; (सुपा ४५१; कुप्र २७७)। २ पुं. रामचन्द्र का एक सुभट; (पउम ५६, ३८)।
बलिअ वि [**दे**] १ पीन, मांसल, स्थूल, मोटा; (दे ६, ८८; उप १४२ टी; बृह ३)। २ क्रिवि. गाढ, बाढ, अतिशय, अत्यर्थ; "गाढं बाढ बलिअं धणिअं दढमइसएण अच्चत्थं" (पाअ; णाया १, १—पत्र ६४; भग ६, ३३)।
बलिअ वि [**बलिन्, बलिक**] १ बलवान्, सबल, पराक्रमी; "कत्थावि जीवो बलिओ कत्थवि कम्माइं हुंति बलियाइं" (प्रासू १२३), "एस अम्ह ताओ बलियदाइयपेल्लिओ इमं विसमं पल्लिं समल्लिओ" (महा; पउम ४८, ११७; सुपा २७५; औप)। २ प्राण वाला; (ठा ४, ३—पत्र २४६)।
बलिअ वि [**बलित**] जिसको बल उत्पन्न हुआ हो, सबल; (कुप्र २७७)। २ पुं. छन्द-विशेष; (पिंग)।
बलिअंक पुं [**बलिताङ्क**] छन्द-विशेष; (पिंग)।
बलिआ स्त्री [**दे. बलिका**] सूर्प, अन्न को तुषादि-रहित करने का एक उपकरण; (आवम)।

बलिट्ठ वि [**बलिष्ठ**] बलवान्, सबल; (प्रास् १५४)।

बलिद्द पुं [**दे. बलीवर्द**] बलध, वृषभ; "दो सारबलिद्दावि हु" (सुपा २३८)।

बलिमड्डा स्त्री [**दे**] बलात्कार; "अन्नह बलिमड्डाए गहिउमणो सोम ! एकलियं" (उप ७२८ टी)।

बलिवद्द देखो **बलीवद्द**; (पउम ३३, ११६)।

बलिस न [**बडिश**] मछली पकड़ने का काँटा; (हे १, २०२)।

बलिस्सह पुं [**बलिस्सह**] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि, आर्य महागिरि का एक शिष्य; (कप्प)।

बलीअ वि [**बलीयस्**] अधिक बल वाला, बलिष्ठ; (अभि १०१)।

बलीवद्द पुं [**बलीवर्द**] बैल, वृषभ; (विपा १, २)।

बलुल्लड (अप) देखो **बल**=बल; (हे ४, ४३०)।

बले अ. इन अर्थों का सूचक अव्ययः—१ निश्चय, निर्णय; २ निर्धारण; (हे २, १८५; कुमा)।

बल्ल न [**बाल्य**] बालत्व, बालकपन, शिशुता; (कुमा ३, ३५)। देखो **बाल**=बाल्य।

बव सक [**ब्रू**] बोलना, कहना। **बवइ, बवए**; (षड्)। देखो **बुव, बू**।

बव न [**बव**] ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक करण; (विसे ३३४८; सूअनि ११; सुपा १०८)।

बव्वाड पुं [**दे**] दक्षिण हस्त; (दे ६, ८६)।

बहड वि [**बृहत्**] बड़ा, महान्। **°इच्च** न [**°दित्य**] नगर-विशेष; (ती ३५)।

बहत्तरी देखो **बाहत्तरि**; (पव २०)।

बहप्पइ } देखो **बहस्सइ**; (हे १, १३८; २, ६६; १३७;
बहप्फइ } षड्; कुमा; सम्मत्त १३७)।

बहरिय देखो **बहिरिय**; "तालरवबहरियदियंतरं" (महा)।

बहल न [**दे**] पंक, कर्दम, कादा; (दे ६, ८६)। **°सुरा** स्त्री [**°सुरा**] पंक वाली मदिरा; (दे ५, २)।

बहल वि [**बहल**] १ निबिड, सान्द्र, निरंतर, गाढ; (गउड; हे २, १७७)। २ स्थूल, मोटा; (ठा ४, २; गउड)। ३ पुष्कल, अत्यन्त; (कप्पू)।

बहलिम पुंस्त्री [**बहलता**] १ स्थूलता, मोटाई; २ सातत्य, निरंतरता; (वज्जा ५२; गा ७५५)।

बहली स्त्री [**बहली**] १ देश-विशेष, भारतवर्ष का एक उत्तरीय देश; "तक्खसिलाइ पुरीए बहलीविसयावयंसभूयाए" (कुप्र २१२)। २ बहली देश की स्त्री; (णाया १, १—पत्र ३७; औप; **इक**)।

बहलीय वि [**बहलीक**] देश-विशेष में—बहली देश में—रहने वाला; (पणह १, १— पत्र १४)।

बहव देखो **बहु**; "काले समइक्कंते अइबहवे" (पउम ४१, ३६), "सोहग्गकप्पतरुवरपसूहतवे सा कुणइ बहवे" (सम्मत्त २१७), "जायंति बहववेरग्गपल्लवुल्लासिणो झत्ति" (हि ५)।

बहस्सइ पुं [**बृहस्पति**] १ ज्योतिष्क देव-विशेष, एक महाग्रह; (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज २०—पत्र २६४)। २ सुराचार्य, देव-गुरु; (कुमा)। ३ पुष्य नक्षत्र का अधिष्ठाता देव; (सुज्ज १०, १२)। ४ राजनीति-प्रणेता एक ऋषि; ५ नास्तिक मत का प्रवर्तक एक विद्वान्; (हे २, १३७)। ६ एक ब्राह्मण, पुरोहित-पुत्र; ७ विपाकसूत्र का एक अध्ययन; (विपा १, १)। **°दत्त** पुं [**°दत्त**] देखो अंत के दो अर्थ; (विपा १, ५)।

बहि अ [**बहिस्**] बाहर; "अबहिलेसे परिव्वए" (आचा), "गामबहिम्मि य तं ठाविऊण गामंतरे पविट्ठो सो" (उप ६ टी)। **°हुत्त** वि [**°दे**] बहिर्मुख; (गउड)।

बहिअ वि [**दे**] मथित, विलोडित; (षड्)।

बहिं देखो **बहि**; (आचा; उव)।

बहिणिआ } स्त्री [**भगिनी**] बहिन; (अभि १३७; कप्पू;
बहिणी } पाअ; पउम ६, ६; हे २, १२६; कुमा)। २ सखी, वयस्या; (संक्षि ४७)। **°तणअ** पुं [**°तनय**] भगिनी-पुत्र; (दे)। **°वइ** पुं [**°पति**] बहनोई; (दे)। देखो **भइणी**।

बहित्ता अ [**बहिस्तात्**] बाहर; (सुज्ज ६)।

बहिद्धा अ [**दे**] १ बाहर; २ मैथुन, स्त्री-संभोग; (हे २, १७४; ठा ४, १—पत्र २०१)।

बहिया अ [**बहिस्, बहिस्तात्**] बाहर; (विपा १,१; आचा; उवा; औप)।

बहिर वि [**बाह्य**] बहिर्भूत, बाहर का; (प्राकृ ३८)।

बहिर वि [**बधिर**] बहरा, जो सुन न सकता हो वह; (विपा १, १; हे १, १८७; प्रासू १४३)।

बहिरिय वि [**बधिरित**] बधिर किया हुआ; (सुर २, ७५)।

बहु वि [**बहु**] १ प्रचुर, प्रभूत, अनेक, अनल्प; (ठा ३, १; भग; प्रासू ४१; कुमा; श्रा २७)। स्त्री—**हुई**; (षड्; प्राकृ २८)। २ क्रिवि. अत्यन्त, अतिशय; (कुमा ५, ६६;

काल)। °उदग पुं [°उदक] वानप्रस्थ का एक भेद; (औप)। °चूड पुं [°चूड] विद्याधर वंश का एक राजा; (पउम ५, ४६)। °जंपिर वि [°जल्पितृ] वाचाट, बकवादी; (पाअ)। °जण पुं [°जन] अनेक लोग; (भग)। २ न. आलोचना का एक प्रकार; (ठा १०)। °णड देखो °नड; (राज)। °णाय न [°नाद] नगर-विशेष; (पउम ५५, ५३)। °देसिअ वि [°देश्य] कुछ ज्यादः, थोड़ा बहुत; (आचा २, ५, १, २२)। °नड पुं [°नट] नट की तरह अनेक भेष को धारण करने वाला; (आचा)। °पडिपुण्ण, °पडिपुन्न वि [°परिपूर्ण] पूरा पूरा; (ठा ६; भग)। °पढिय वि [°पठित] अति शिक्षित, अतिशय शिक्षित; (णाया १, १४)। °पलावि वि [°प्रलापिन्] बकवादी; (उप पृ ३३६)। °पुत्तिअ न [°पुत्रिक] बहु-पुत्रिका देवी का सिंहासन; (निर १, ३)। °पुत्तिआ स्त्री [°पुत्रिका] १ पूर्णभद्र-नामक यक्षेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १; णाया २)। २ सौधर्म देवलोक की एक देवी; (निर १, ३)। °प्पएस वि [°प्रदेश] प्रचुर प्रदेश—कर्म-दल—वाला; (भग)। °फोड वि [°स्फोट] बहु-भक्षक; (ओघभा १६१)। °भंगिय न [°भङ्गिक] दृष्टिवाद का सूत्र-विशेष; (सम १२८)। °मय वि [°मत] १ अत्यन्त अभीष्ट; (जीव १)। २ अनुमोदित, संमत, अनुमत; (काप्र १७६; सुर ४, १८८)। °माइ वि [°मायिन्] अति कपटी; (आचा)। °माण पुं [°मान] अतिशय आदर; (आवम; पि ६००; नाट—विक्र ५)। °माय वि [°माय] अति कपटी; (आचा)। °मुल्ल, °मोल्ल वि [°मूल्य] मूल्यवान्, कीमती; (राज, षड्)। °रय वि [°रत] १ अत्यन्त आसक्त; (आचा)। २ जमालि का अनुयायी; ३ न. जमालि का चलाया हुआ एक मत—क्रिया की निष्पत्ति अनेक समयों में ही मानने वाला मत; (ठा १०; औप)। °रय न [°रजस्] खाद्य-विशेष, चिऊड़ा की तरह का एक प्रकार का खाद्य; (आचा २, १, १, ३)। °रव वि [°रव] १ प्रभूत यश वाला, यशस्वी; (सम ५१)। २ न. एक विद्याधर-नगर; (इक)। °रूवा स्त्री [°रूपा] सुरूप-नामक भूतेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १; णाया २)। °लेव पुं [°लेप] चावल आदि के चिकने माँड़ का लेप; (पंडि)। °वयण न [°वचन] बहुत्व-बोधक प्रत्यय; (आचा २, ४, १, ३)। °विह वि [°विध] अनेक प्रकार का, नानाविध; (कुमा; उव)। °विहीय वि [°विध, °विधिक] विविध, अनेक तरह का; (सूत्रनि ६४)। °संपत्त वि [°संप्राप्त] कुछ कम संप्राप्त; (भग)। °सच्च पुं [°सत्य] अहोरात्र का दशवाँ मुहूर्त; (सुज्ज १०, १३)। °सो अ [°शस्] अनेक वार; (उव; श्रा २७; प्रासू ४२; १५६; स्वप्न ५६)। °स्सुय वि [°श्रुत] शास्त्र-ज्ञ, शास्त्रों का अच्छा जानकार, पण्डित; (भग; सम ५१; ठा ६—पत्र ३५२; सुपा ५६४)। °हा अ [°धा] अनेकधा; (उव; भवि)।

बहुअ) वि [बहु, °क] ऊपर देखो; (हे २, १६४;
बहुअय) कुमा; श्रा २७)।

बहुई देखो **बहु=ई**।

बहुग देखो **बहुअ**; (आचा)।

बहुजाण पुं [दे] १ चोर, तस्कर; २ धूर्त, ठग; ३ जार, उप-पति; (षड्)।

बहुण पुं [दे] १ चोर, तस्कर; २ धूर्त; (दे ६, ६७)।

बहुणाय वि [बाहुनाद] बहुनाद-नगर का; (पउम ५५, ५३)।

बहुत्त वि [प्रभूत] बहुत, प्रचुर; (हे १, २३३)।

बहुमुह पुं [दे. बहुमुख] दुर्जन, खल; (दे ६, ६२)।

बहुराणा स्त्री [दे] खड्ग-धारा, तलवार की धार; (दे ६, ६१)।

बहुरावा स्त्री [दे] शिवा, शृगाली; (दे ६, ६१)।

बहुरिया स्त्री [दे] बुहारी, झाड़ू; (बृह १)।

बहुल वि [बहुल] १ प्रचुर, प्रभूत, अनेक; (कुमा; श्रा २८)। २ बहुविध, अनेक प्रकार का; (आवम)। ३ व्याप्त; (सुपा ६३०)। ४ पुं. कृष्ण पक्ष; (पाअ)। ५ स्वनाम-ख्यात एक ब्राह्मण; (भग १५)।

बहुला स्त्री [बहुला] १ गौ, गैया; (पाअ)। २ इस नाम की एक स्त्री; (उवा)। °वण न [°वन] मथुरा नगरी का एक प्राचीन वन; (ती ७)।

बहुलि पुं [बहुलिन्] स्वनाम-ख्यात एक राज-पुत्र; (उप ६३७)।

बहुली स्त्री [दे] माया, कपट, दम्भ; (सुपा ६३०)।

बहुल्लिआ स्त्री [दे] बड़े भाई की स्त्री; (षड्)।

बहुल्ली स्त्री [दे] क्रीड़ोचित शालभञ्जिका, खेलने की पुतली; (षड्)।

बहुवी देखो **बहुई**; (हे २, ११३)।

बहूअ वि [प्रभूत] बहुत, प्रचुर; (गउड)।

बहेडय पुं [**बिभीतक**] १ बहेड़ा का पेड़; (हे १, ८८; १०५; २०६)। २ न. बहेड़ा का फल; (कुमा)।

बा° वि. ब. [**द्वा°, द्वि**] दो, दो की संख्या वाला। **°इस** (अप) देखो **°वीस**; (पिंग)। **°ईस** देखो **°वीस**; (पिंग)। **°णउइ** स्त्री [**°नवति**] बाणवे, ९२; (सम ९६; कम्म ६, २६) **°णउय** वि [**°नवत**] ९२ वाँ; (पउम ९२, २९)। **°णुवइ** देखो **°णउइ**; (रयण ७२)। **°याल, °यालीस** स्त्रीन [**°चत्वारिंशत्**] बेआलीस, चालीस और दो, ४२; (उव; नव २; भग; सम ६६; कप्प; औप), स्त्री—**°याला; °यालीसा**; (कम्म ६, ६; कप्प)। **°यालीसइम** वि [**°चत्वारिंशत्तम**] बेआलीसवाँ, ४२ वाँ; (पउम ४२, ३७)। **°र, °रस** लि. ब. [**°दशन्**] बारह, १२; "बारभिक्खुपडिमधरो" (संबोध २२; कम्म ४, ५; १५; नव २०; दं ७; कप्प; जी २८; उवा)। **°रस** वि [**°दश**] बारहवाँ, १२ वाँ; (सुख २, १७)। **°रसंग** स्त्रीन [**°दशाङ्ग**] बारह जैन अंग-ग्रन्थ; (पि ४११), स्त्री—**°गी**; (राज)। **°रसम** वि [**°दश**] बारहवाँ; (सूअ २, २, २१; पव ४६; महा)। **°रसमासिय** वि [**°दशमासिक**] बारह मास का, बारह-मास-संबंधी; (कुप्र १४१)। **°रसय** न [**°दशक**] बारह का समूह; (ओघभा १५)। **°रसवरिसिय** वि [**°दशवार्षिक**] बारह वर्ष का; (मोह १०२; कुप्र ६०)। **°रसविह** वि [**°दशविध**] बारह प्रकार का; (नव ३०)। **°रसाह** न [**°दशाह, °दशाख्य**] १ बारहवाँ दिन; २ जन्म के बारहवें दिन किया जाता उत्सव; (णाया १, १; कप्प; औप; सुर ३, २५)। **°रसी** स्त्री [**°दशी**] बारहवीं तिथि, द्वादशी; (सम २६; पउम ११७, ३२; ती ७)। **°रसुत्तरसय** वि [**°दशोत्तरशत**] एक सौ बारहवाँ; (पउम ११२, २३)। **°रह** देखो **°रस**=दशन्; (हे १, २१९)। **°वट्ठि** स्त्री [**°षष्टि**] बासठ, ६२; (सम ७५; पंच ५, १८; सुर १३, २३८; देवेन्द्र १३७)। **°वण** (अप) देखो **°वन्न**; (पिंग)। **°वण्ण** देखो **°वन्न** ; (कुमा)। **°वत्तर** वि [**°सप्तत**] बहत्तरवाँ, ७२ वाँ; (पउम ७२, ३८)। **°वत्तरि** स्त्री [**°सप्तति**] बहत्तर, ७२; (सम ८३; भग; औप; प्रासू १२९)। **°वन्न** स्त्रीन [**°पञ्चाशत्**] बावन, पचास और दो, ५२; (सम ७१; महा), "बावन्नं होंति जिणभवणा" (सुख ९, १)। **°वन्न** वि [**°पञ्चाश**] बावनवाँ; (पउम ५२, ३०)। **°वीस** स्त्रीन [**°विंशति**] बाईस, २२; (भग; जी ३४), स्त्री—**°सा**; (पि ४४७)। **°वीस** वि [**°विंश**] बाईसवाँ, २२ वाँ; (पउम २०, ८२; पव ४६)। **°वीसइ** देखो **°वीस**=विंशति; (भग; पव १८६)। **°वीसइम** वि [**°विंशतितम**] १ बाईसवाँ, २२ वाँ; (पउम २२, ११०; अंत २६)। २ लगा तार दस दिन का उपवास; (णाया १, १—पत्र ७२)। **°वीसविह** वि [**°विंशतिविध**] बाईस प्रकार का; (सम ४०)। **°सट्ठ** वि [**°षष्ट**] बासठवाँ, ६२ वाँ; (पउम ६२, ३७)। **°सट्ठि** स्त्री [**°षष्टि**] बासठ, ६२; (सम ७५; पिंग)। **°सी, °सीइ** स्त्री [**°अशीति**] बयासी, ८२; (नव २; सम ८९; कप्प; कम्म ५, १७)। **°सीइम** वि [**°अशीतितम**] बयासीवाँ; ८२ वाँ; (पउम ८२, १२२)। **°हत्तर** (अप) देखो **°हत्तरि**; (सण)। **°हत्तरि** स्त्री [**°सप्तति**] बहत्तर, ७२; (कप्प; कुमा; सुपा ३१९)।

बाअ पुं [**दे**] बाल, शिशु; (षड्)।

बाइया स्त्री [**दे**] मा, माता; गुजराती में 'बाई'; (कुप्र ८७)।

बाउल्लया, बाउल्लिआ, बाउल्ली स्त्री [**दे**] पञ्चालिका, पुतली; "आलिहिय-भित्तिबाउल्लयं व न हु मुंजिउं तरइ" (कज्जा ११८; कप्पू; दे ६, ९२)।

बाउस देखो **बउस**; (पिंड २४; ओघ ३४८)।

बाउसिय वि [**बाकुशिक**] 'बकुश' चारित्र वाला; (सुख ६, १)।

बाउसिया स्त्री [**बकुशिका**] 'बकुश' चारित्र वाली; (णाया १, १६—पत्र २०६)।

बाढ क्रिवि [**बाढ**] १ अतिशय, अत्यंत, घना; (उप ३२०; पाअ; महा)। **°क्कार** पुं [**°कार**] स्वीकार-सूचक उक्ति; (विसे ५६५)।

बाण पुं [**दे**] १ पनस वृक्ष, कटहर का पेड़; २ वि. सुभग; (दे ६, ९७)।

बाण पुंस्त्री [**बाण**] १ वृक्ष-विशेष, कटसरैया का गाछ; (पण्ण १७—पत्र ५२६; कुमा)। २ पुं. शर, बाण; (कुमा; गउड)। ३ पाँच की संख्या; (सुर १६, २४९)। **°वत्त** न [**°पात्र**] तूणीर, शरधि; (से १, १८)।

बाध देखो **बाह**=बाध्। कवकृ—**बाधीअमाण**; (पि ५६३)।

बाधा स्त्री [**बाधा**] विरोध; (धर्मसं ११७)।

बाधिय वि [**बाधित**] विरोध वाला, प्रमाण-विरुद्ध ; (धर्मसं २५६)।

बाम्हण देखो **बम्हण**; (हे १, ६७; षड्)।

बाय न [**बाक**] बक-समूह ; (श्रा २३)।

बायर वि [**बादर**] १ स्थूल, मोटा, अ-सूक्ष्म ; (पण्ह १, १; पव १६२ ; दे ४४) २ नवमाँ गुण-स्थानक ; (कम्म २, ३; ५ ; ७)। °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, स्थूलता-हेतु कर्म; (सम ६७)।

बार न [**द्वार**] दरवाजा; (हे १, ७६)।

बारगा स्त्री [**द्वारका**] स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी, जो आजकल भी काठियावाड़ में 'द्वारका' के ही नाम से प्रसिद्ध है; (उत्त २२, २२; २७)।

बारवई स्त्री [**द्वारवती**] १ ऊपर देखो; (सम १५१; णाया १, ५; उप ६४८ टी)। २ भगवान् नेमिनाथ की दीक्षा-शिबिका; (विचार १२६)।

बाल पुं [**बाल**] १ बाल, केश; (उप ८३४)। २ बालक, शिशु; (कुमा; प्रासू ११६)। ३ वि. मूर्ख, अज्ञानी; (पाअ)। ४ नया, नूतन; (कप्पू)। ५ पुं. स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजा; (पउम १०, २१)। ६ वि. असंयत, संयम-रहित; (ठा ४, ३)। °**कइ** पुं [°**कवि**] तरुण कवि, नया कवि; (कप्पू)। °**क्क** पुं [°**र्क**] उदित होता सूर्य; (कुमा)। °**ग्गाह** पुं [°**ग्राह**] बालक की सार-सम्हाल करने वाला नौकर; (सुर १, १६२)। °**ग्गाहि** पुं [°**ग्राहिन्**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (णाया १, २—पत्र ८४)। °**घाय** वि [°**घात**] बाल-हत्या करने वाला; (णाया १, २; १८)। °**तव** पुंन [°**तपस्**] १ अज्ञानी की तपश्चर्या (भग; औप)। २ वि. अज्ञान-पूर्वक तप करने वाला, (कम्म १, ५६)। °**तवस्सि** वि [°**तपस्विन्**] अज्ञान-पूर्वक तप करने वाला, मूढ तपस्वी; (पि ४०५)। °**पंडिअ** वि [°**पण्डित**] आंशिक त्याग करने वाला, कुछ अंशों में त्यागी और कुछ में अ-त्यागी; (भग)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] अनभिज्ञ; (धर्म ५०)। °**मरण** न [°**मरण**] अ-विरत दशा का मरण, अ-संयमी की मौत; (भग; सुपा ३५७)। °**वियण** पुंस्त्री [°**व्यजन**] चामर; (णाया १, ३), स्त्री—"उवणहाओ बालवी(? वि)अणी" (ठा ५,१—पत्र ३०३)। °**हार** पुं [°**धार**] बालक की सार-सम्हाल करने वाला नौकर; (सुपा ४५८)।

बाल देखो **बल**। °**ण्ण**, °**न्न** वि [°**ज्ञ**] बल को जानने वाला; (आचा १, २, ५, ५; आचा)।

बाल न [**बाल्य**] बालत्व, बालपन, मूर्खता; (उत्त ७, ३०)। देखो **बल्ल**।

बालअ देखो **बाल=बाल**; (गा १२६)।

बालअ पुं [**दे**] वणिक्-पुत्र; (दे ६, ६२)।

बालग्गपोइआ स्त्री [**दे**] १ जल-मन्दिर, तलाव आदि में बनवाया जाता छोटा प्रासाद; २ वलभी, अट्टालिका; (उत्त ६, २४)।

बाला स्त्री [**बाला**] १ कुमारी, लड़की; (कुमा)। २ मनुष्य की दश अवस्थाओं में पहली दशा, दश वर्ष तक की अवस्था; (तंदु १६)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)

बालालुंची स्त्री [**दे**] तिरस्कार, अवहेलना; (सुपा १४)।

बालि वि [**बालिन्**] बाल-प्रधान, सुन्दर केश वाला; (अणु; बृह १)।

बालिआ स्त्री [**बालिका**] बाला, कुमारी, लड़की; (प्रासू ५१; महा)।

बालिआ स्त्री [**बालता**] १ बालकपन, शिशुता; (भग)। २ मूर्खता, बेवकूफी; "बिइया मंदस्सा बालिया" (आचा)।

बालिस वि [**बालिश**] मूर्ख, बेवकूफ; (पाअ; धण २३)।

बाह सक [**बाधृ**] १ विरोध करना। २ रोकना। ३ पीड़ा करना। ४ विनाश करना। बाहइ, बाहए; (पंचा ५, १५; हे १, १८७; उव), बाहंति; (कुप्र ६८)। कवकृ—**बाहिज्जंत, बाहीअमाण** ; (पउम १८, १६; सुपा ६४५; अभि २४४)। कृ—**बाहणिज्ज**; (कप्पू)।

बाह पुं [**बाष्प**] अश्रु, आँसू; (हे २, ७०; पाअ; कुमा)।

बाह पुं [**बाध**] विरोध; (भास ३४)।

बाह देखो **बाढ**; (प्रयौ ३७)।

बाह पुं [**बाहु**] हाथ, भुजा ; (संक्षि २)।

बाहग वि [**बाधक**] १ राकने वाला; (पंचा १, ४६)। २ विरोधी; "अब्भुवगयबाहगा नियमा" (श्रावक १६२)।

बाहड पुं [**बाहड, वाग्भट**] राजा कुमारपाल का स्वनाम-प्रसिद्ध मन्त्री; (कुप्र ६)।

बाहण न [**बाधन**] १ बाधा, विरोध; (धर्मसं १२७६)। २ विराधन; (पंचा १६, ५)।

बाहणा स्त्री [**बाधना**] ऊपर देखो; (धर्मसं १११)।

बाहर देखो **बाहिर**; (आचा)।

बाहल पुं [**बाहल**] देश-विशेष; (आवम)।

बाहल्ल न [**बाहल्य**] स्थूलता, मोटाई; (सम ३५; ठा ८—पत्र ४४०; औप)।

बाहा स्त्री [**बाधा**] १ हरकत, हरज; २ विराध; (सुपा १२६)। ३ पीड़ा, परस्पर संश्लेष से होने वाली पीड़ा; (जं १; भग १४, ८)।

बाहा स्त्री [**बाहु**] हाथ, भुजा; (हे १, ३६; कुमा; महा; उवा; औप)।

बाहा स्त्री [दे. **बाहा**] नरकावास-श्रेणी; (देवेन्द्र ७७)।

बाहि } अ [**बाहिस्**] बाहर; (सुज्ज १६—पत्र २७१;
बाहिं } महा; आचा; कुमा; हे २, १४०; पि ४८१)।

बाहिज्ज न [**बाधिर्य**] बधिरता, बहरापन; (पिंड २०८)।

बाहिर अ [**बहिस्**] बाहर; (हे २, १४०; पाअ; आचा; उत्त)। °**ओ** अ [°**तस्**] बाहर से; (कप्प)।

बाहिर वि [**बाह्य**] बाहर का; (आचा; ठा २, १—पत्र ५५; भग २, ८ टी)। °**उद्धि** पुं [°**ऊर्ध्वतन्**] कायोत्सर्ग का एक दोष, दोनों पार्ष्णि मिला कर और पैर को फैला कर किया जाता कायोत्सर्ग; (चेइय ४८६)।

बाहिरंग वि [**बहिरङ्ग**] बाहर का, बाह्य; (सूअ २, १, ४२)।

बाहिरिय वि [**बाहिरिक, बाह्य**] बाहर का, बाहर से संबन्ध रखने वाला; (सम ८३; णाया १, १; पिंड ६३६; औप; कप्प)।

बाहिरिया स्त्री [**बाहिरिका**] किले के बाहर की गृह-पङ्क्ति, नगर के बाहर का मुहल्ला; (सूअ २, ७, १; स ६६)।

बाहिरिल्ल वि [**बाह्य**] बाहर का; (भग; पि ५६५)।

बाहु पुंस्त्री [**बाहु**] १ हाथ, भुजा; (हे १, ३६; आचा; कुमा)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र, बाहुबलि; (कप्र ३१०)। °**बलि** पुं [°**बलि**] १ भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र, तक्षशिला का एक राजा; (सम ६०; पउम ४, ५२; उव)। २ बाहुबलि के प्रपौत्र का पुत्र; (पउम ५, ११)। °**मूल** न [°**मूल**] कक्षा, बगल; (कप्पू)।

बाहुअ पुं [**बाहुक**] स्वनाम-ख्यात एक ऋषि; (सूअ १, ३, ४, २)।

बाहुडिअ वि [**दे**] लज्जित, शरमिंदा; (सुपा ४७४)।

बाहुरा स्त्री [**बाहुका**] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष; (राज)।

बाहुलग देखो **बाहु** ; (तंदु ३६)।

बाहुलेय पुं [**बाहुलेय**] गो-वत्स, बैल, वृषभ; (आवम)।

बाहुल्ल न [**बाहुल्य**] बहुलता, प्रचुरता; (पिंड ५६; भग; सुपा २७; उप ६०७)।

बाहुल्ल वि [**बाष्पवत्**] अश्रु वाला; (कुमा; सुपा ४६०)।

बि वि. ब. [**द्वि**] दो, २; "बिन्नि" (हे ४, ४१८; नव ४; ठा १, २; कम्म ४, २; १०; सुज्ज १, १४)। °**जडि** पुं [°**जटिन्**] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (सुज्ज २०)। °**दल** न [**दल**] चना आदि वह धान्य जिसके दो टुकड़े बराबर के होते हैं; "जह बिदलं सूईणं" (वि ३)। °**याल** देखो बा-याल; (कम्म ६, २८)। °**यालसय** पुंन [°**चत्वारिंशच्छत**] एक सौ बेयालीस, १४२; (कम्म २, २६)। °**विह** वि [°**विध**] दो प्रकार का; (पिंग)। °**सट्ठि** स्त्री [°**षष्टि**] बासठ, ६२; (सुज्ज १०, ६ टी)। °**सत्तरि, °सयरि** स्त्री [°**सप्तति**] बहत्तर, ७२; (पव १६; जीवस २०६; कम्म ३, ५)।

बि } वि [**द्वितीय**] दूसरा; (कम्म ३, १६; पिंग)।
बिअ } °**कसाय** पुं [°**कषाय**] अप्रत्याख्यानावरण-नामक कषाय; (कम्म ४, ५६)।

बिअ न [**द्विक**] दो का समुदाय, युग्म, युगल; (भग; कम्म १, ३३; प्रासू १६)।

बिआया स्त्री [**दे**] कीट-विशेष, संलग्न रहने वाला कीट-द्वय; (दे ६, ६३)।

बिइअ देखो **बिइज्ज**; (हे १, ५; पव १६४)।

बिइआ देखो **बीआ**; (राज)।

बिइज्ज वि [**द्वितीय**] १ दूसरा; (हे १, २४८; प्रासू ५६)। २ सहाय, मदद करने वाला; (पाअ; सुर ३, १४)।

"जे दुहियम्मि न दुहिया, आवइपत्ते विइज्जया नेव ।
पहुणा न ते उ भिच्चा, धुत्ता परमत्थओ णेया"
(सुर ७, १४५)।

बिउण वि [**द्विगुण**] दुगुना; (हे १, ६४; २, ७६; गा २८६)। °**रय** वि [°**कारक**] दुगुना करने वाला; (भवि)।

बिउण सक [**द्विगुणय्**] दुगुना करना। **बिउणेइ**; (पि ५५६)।

बिंट न [**वृन्त**] फलादि का बन्धन; "बंधणं बिंटं" (पाअ)। °**सुरा** स्त्री [°**सुरा**] मदिरा, दारू; "बिंटसुरा पिट्ठखउरिया मइरा" (पाअ)।

बिंत देखो **वृ=त्र**।

बिंदिय वि [**द्वीन्द्रिय**] जिसको त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रियाँ हों वह; (औप)।

बिंदु पुंन [**बिन्दु**] १ अल्प अंश; २ बिन्दी, शून्य, अनुस्वार; ३ दोनों भ्र का मध्य भाग; ४ रेखागणित का एक चिह्न; "बिंदुणो,

बिंदूइ" (हे १, ३४; कप्प; उप १०२२; स्वप्न ३६; कस; कुमा)। °कला स्त्री [°कला] अनुस्वार, बिन्दी; (सिरि १६६)। °सार न [°सार] १ चौदहवाँ पूर्व, जैन ग्रन्थांश-विशेष; (सम २६; विसे ११२६)। २ पुं. मौर्य वंश का एक राजा, राजा चन्द्रगुप्त का पुत्र; (विसे ८६२)।

बिंदुइअ वि [**बिन्दुकित**] बिन्दु-युक्त, बिन्दु-चिह्नित; (पाअ; गउड)।

बिंदुइज्जंत वि [**बिन्दूयमान**] बिन्दुओं से व्याप्त होता; (से ११, १२५)।

बिंदावण न [**वृन्दावन**] मथुरा के पास का एक वैष्णव-तीर्थ; (प्राकृ १७)।

बिंब सक [**बिम्ब्**] प्रतिबिम्बित करना। कर्म—बिंबिज्जइ; (सूक्त ४६)।

बिंब न [**बिम्ब**] १ प्रतिमा, मूर्ति; (कुमा)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। ३ न. बिम्बीफल, कुन्दरुन का फल; (णाया १, ८—पत्र १२६; पाअ, कुमा; दे २, ३६)। ४ प्रतिबिम्ब, प्रतिच्छाया; ५ अर्थ-शून्य आकार, "अण्णं जणं पस्सति बिंबभूयं" (सूअ १, १३, ८)। ६ सूर्य तथा चन्द्र का मण्डल; (गउड; कप्पू)।

बिंबवय न [दे] फल-विशेष, भिलावाँ; "बिंबवयं भल्लायं" (पाअ)।

बिंबिसार देखो **भिंभिसार**; (अंत)।

बिंबी स्त्री [**बिम्बी**] लता-विशेष, कुन्दरुन का गाछ; (कुमा)। °फल न [°फल] कुन्दरुन का फल; (सुपा २६३)।

बिंबोवणय न [दे] १ क्षोभ; २ विकार; ३ आसीसा, उच्छीर्षक, (दे ६, ६८)।

बिंह सक [**बृंह्**] पोषण करना। कृ—देखो **बिंहणिज्ज**।

बिंहणिज्ज वि [**बृंहणीय**] पुष्टि-जनक; (ठा ६—पत्र ३७५; णाया १, १—पत्र १६)।

बिंहिअ वि [**बृंहित**] पुष्ट, उपचित; (हे १, १२८)।

बिग्गाइआ स्त्री [दे] कीट-विशेष, संलग्न रहता कीट-युग्म; **बिग्गाई** गुजराती में 'बगाई'; (दे ६, ६३)।

बिज्जउर न [बीजपूर] फल-विशेष, एक तरह का नीबू; "बिज्जउरचिब्भिडेहिं कुणइ पिहाणाइं सव्वत्थ" (सुपा ६३०)।

बिज्जय (अप) देखो **बिइज्ज**; (भवि)।

बिट्ठ पुं [दे] बेटा, लड़का, पुत्र; (चंड)

बिट्ठी स्त्री [दे] बेटी, पुत्री, लड़की; (चंड; हे ४, ३३०)।

बिट्ठ वि [दे, **विष्ट**] बैठा हुआ, उपविष्ट; (ओघ ४७१)।

बिडाल पुं [**बिडाल**] मार्जार, बिल्ला; (पि २४१)।

बिडालिआ स्त्री [**बिडालिका**, °ली] बिल्ली, मार्जारी; **बिडाली** (सम्मत्त १२२; पि २४१)। देखो **बिरालिआ**।

बिडिस देखो **बडिस**; (उप १४२ टी)।

बिदिय देखो **बिइअ**; (उप २७६)।

बिन्ना स्त्री [**बेन्ना**] भारत की एक नदी; (पिंड ५०३)।

बिब्बोअ पुं [**बिब्बोक**] १ स्त्री की शृंगार-चेष्टा-विशेष, इष्ट अर्थ की प्राप्ति होने पर गर्व से उत्पन्न अनादर-क्रिया; (पण्ह २, ४—पत्र १३१; णाया १, ८—पत्र १४२; भत्त १०६)। २ न. उपधान, ओसीसा; "सयणीअं तूलिअं सबिब्बोअं" (गच्छ ३, ८)।

बिब्बोइअ न [**बिब्बोकित**] स्त्री की शृंगार-चेष्टा का एक भेद; (पण्ह २, ४—पत्र १३१)।

बिब्बोयण न [दे] उपधान, ओसीसा; (णाया १, १—पत्र १३)।

बिभेलय देखो **बहेडय**; (पण्ण १—पत्र ३१)।

बिराड पुं [**बिडाल**] १ पिंगल-प्रसिद्ध मध्य-लघुक पाँच मात्रा वाला अक्षर-समूह; २ छन्द-विशेष; (पिंग)।

बिराल देखो **बिडाल**; (सुर १, १८)।

बिरालिआ देखो **बिडालिआ**; (सम्मत्त १२३; पाअ)।

बिराली २ भुजपरिसर्प-विशेष, हाथ से चलने वाला एक प्रकार का प्राणी; (सूअ २, ३, २५)।

बिरुद न [**बिरुद**] इल्काब, पदवी; (सम्मत्त १४१)।

बिल न [**बिल**] १ रन्ध्र, बिवर, साँप आदि जन्तुओं के रहने का स्थान; (विपा १, ७; गउड)। २ कूप, कुआँ; (राय)। °कोलीकारक वि [दे, °कोलीकारक] दूसरे को व्यामुग्ध करने के लिए विस्वर वचन बोलने वाला; (पण्ह १, ३—पत्र ४४)। °पंतिया स्त्री [°पङ्क्तिका] खान की पद्धति; (पण्ह २,५ —पत्र १५०)।

बिलाड देखो **बिडाल**; (भग; पि २४१)।

बिलाल

बिलालिआ देखो **बिरालिआ**; (पि २४१)।

बिल्ल पुं [**बिल्व**] १ वृक्ष-विशेष, बेल का पेड़; (पण्ण १; उप १०३१ टी)। २ बेल का फल; (पाअ)।

बिल्लल पुं [**बिल्वल**] १ अनार्य देश-विशेष; २ उस देश में रहने वाली मनुष्य-जाति; (पण्ह १, १—पत्र १४)। देखो चिल्लल=चिल्वल।

बिस न [**बिस**] कमल आदि के नाल का तन्तु, मृणाल; (णाया १, १३; कुमा; पाअ)। °**कंठी** स्त्री [°**कण्ठी**] बलाका, बक पक्षी की एक जाति; (दे ६, ६३)। देखो **भिस=बिस**।

बिसि देखो **बिसी**; (दे १, ८३)।

बिसिणी स्त्री [**बिसिनी**] कमलिनी, कमल का गाछ; (पि २०६)।

बिसी स्त्री [**बृषी**] ऋषि का आसन; (दे १, ८३; पि २०६)।

बिह अक [**भी**] डरना। **बिहेइ**; (प्राकृ ६४; पि ५०१)।

बिह वि [**बृहत्**] बड़ा, महान्। °**णर** पुं [°**नल**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

बिहप्पइ }
बिहप्फइ } देखो **बहस्सइ**; (हे २, १३७; १,१३८; २, ६६; षड्; कुमा)।
बिहस्सइ }

बिहिअ देखो **बिंहिअ**; (प्राकृ ८)।

बिहेलग देखो **बिभेलय**; (दस ५, २, २४)।

बीअ देखो **बिइअ**; (हे १, ५; २, ७६; सुर १, ३८; सुपा ४८५)।

बीअ न [**बीज**] १ बीज, बीया; "लाउअबीअं इक्कं नासइ भारं गुडस्स जह सहसा" (प्रासू १५१; आचा; जी १३; औप)। २ मूल कारण; "सारीरमाणसाणेयदुक्खबीयभूयकम्मक्खयणदहण-सहं" (महा)। ३ वीर्य, शरीरान्तर्गत सप्त धातुओं में से मुख्य धातु, शुक्र; (सुपा ३६०; वव ६)। ४ 'ह्रीं' अक्षर; (सिरि १६६)। °**बुद्धि** वि [°**बुद्धि**] मूल अर्थ को जानने से शेष अर्थों का निज बुद्धि से स्वयं जानने वाला; (औप)। °**मंत** वि [°**वत्**] बीज वाला; (णाया १, १)। °**रुह** स्त्री [°**रुचि**] एक ही पद से अनेक पद और अर्थों के अनुसंधान द्वारा फैलने वाली रुचि; २ वि. उक्त रुचि वाला; (पण्ण १)। °**रुह** वि [°**रुह**] बीज से उत्पन्न होने वाली वनस्पति; (पण्ण १)। °**वाय** पुं [°**वाप**] क्षुद्र जन्तु-विशेष; (राज)। °**सुहुम** न [°**सूक्ष्म**] छिलके का अग्र भाग; (कप्प)।

बीअऊरय न [**बीजपूरक**] फल-विशेष, एक तरह का नीबू; (मा ३६)।

बीअजमण न [**दे**] बीज मलने का खल—खलिहान; (दे ६, ६३)।

बीअण पुं [**दे**] नीचे देखो; (दे ६, ६३ टी)।

बीअय पुंन [**दे, बीजक**] वृक्ष-विशेष, असन वृक्ष, विजयसार का गाछ; (दे ६, ६३; पाअ)।

बीआ स्त्री [**द्वितीया**] १ तिथि-विशेष, दूज; (सम २६; श्रा २६; रयण २; णाया १, १०; सुपा १७१)। २ द्वितीय विभक्ति; (चेइय ५०६)।

बीज देखो **बीअ=बीज**; (कुमा; पण्ह २, १—पत्र ६६)।

बीडग न [**बीटक**] बीड़ा, पान का बीड़ा, सज्जित ताम्बूल; (सुपा ३३६)।

बीडि }
बीडी } स्त्री [**बीटि, °टी**] ऊपर देखो; "बिल्लदलबीडीओ कीलेवि मुहम्मि पक्खिवइ" (धर्मवि १४०)।

बीभच्छ }
बीभत्थ } वि [**बीभत्स**] १ घृणोत्पादक, घृणा-जनक; २ भयंकर, भय-जनक; (उवा; तंदु ३८; णाया १, २; संबोध ४४)। ३ पुं. रावण का एक सुभट; (पउम ५६, २)।

बीयत्तिय वि [**दे. बीजयितृ**] बीज बोने वाला, वपन करने वाला; २ पुं. पिता; "बीयं बीयत्तियस्सेव" (सुपा ३६०; ३६१)।

बीलय पुं [**दे**] ताडंक, कर्णभूषण-विशेष, कान का एक गहना; (दे ६, ६३)।

बीह अक [**भी**] डरना। **बीहइ, बीहेइ**; (हे ४, ५३; महा; पि २१३)। वकृ—**बीहंत**; (ओघभा १६; उप ७६८ टी; कुमा)। कृ—**बीहियव्व**; (स ६८२)।

बीहच्छ देखो **बीभच्छ**; (पि ३२७)।

बीहण }
बीहणग } वि [**भीषण, °क**] भय-जनक, भयंकर; (पि
बीहणय } २१३; पण्ह १, १; पउम ३५, ५४)।

बीहविय वि [**भीषित**] डराया हुआ; (सम्मत्त ११८)।

बीहिअ वि [**भीत**] १ डरा हुआ; (हे ४, ५३)। २ न. भय, डरना; "न य बीहिअं ममावि हु" (श्रा १४)।

बीहिर वि [**भेतृ**] डरने वाला; (कुमा ६, ३५)।

बुइअ वि [**उक्त**] कथित; (सूअ १, २, २, २४; १, १४, २५; पण्ह २, २)।

बुंदि पुंस्त्री [**दे**] १ चुम्बन; २ सूकर, सूअर; (दे ६, ६८)।

बुंदि स्त्री [**दे**] शरीर, देह; "इह बुंदिं चइत्ताण तत्थ गंतूण सिज्झइ" (ठा १ टी—पत्र २४; सुज्ज १०; तंदु १३; सुपा ६५६; धम्म ६ टी; पाअ)। देखो **बोंदि**।

बुंदिणी स्त्री [**दे**] कुमारी-समूह; (दे ६, ६४)।

बुंदीर पुं [**दे**] १ महिष, भैंसा; २ वि. महान्, बड़ा; (दे ६, ६८)।

बुंध न [बुध्न] १ वृक्ष का मूल; २ कोई भी मूल, मूलमात्र; (हे १, २६; षड्)।
बुंधा स्त्री [दे] चिल्लाहट, पुकार; (सुपा ५६५)।
बुंबु पुं [दे] ऊपर देखो; (करु ३१)।
बुंबुअ न [दे] वृन्द, यूथ, समूह; (दे ६, ६४)।
बुक्क अक [गर्ज्, बुक्क्] गर्जन करना, गरजना। बुक्कइ; (हे ४, ६८)।
बुक्क अक [भष्, बुक्क्] श्वान का भूँकना।। बुक्कइ; (षड्)।
बुक्क पुंन [दे] १ तुष, छिलका; (सुख १८, ३७)। २ वाद्य-विशेष; "बुक्कतबुक्कसंबुक्कसद्दुक्कडं" (सुपा ५०)।
बुक्कण पुं [दे] काक, कौआ; (दे ६, ६४; पाअ)।
बुक्कस देखो **बोक्कस**; (राज)।
बुक्का स्त्री [दे] १ मुष्टि; (दे ६, ६४; पाअ)। २ व्रीहि-मुष्टि; (दे ६, ६४)। ३ वाद्य-विशेष; "ढक्काडक्कहुक्कासंबुक्काकरडिपभिईणं आउज्जाणं" (सुपा १६५)।
बुक्का स्त्री [गर्जना] गर्जन, गर्जारव; (पउम ६, १०८; गउड)।
बुक्कार पुं [दे. बूङ्कार] गर्जन, गर्जना; (पउम ७, १०५; गउड)।
बुक्कासार वि [दे] भीरु, डरपोक; (दे ६, ६५)।
बुक्किअअ वि [गर्जित] जिसने गर्जना की हो वह; "अह बुक्किआ तुह भडा" (कुमा)।
बुज्झ सक [बुध्] १ जानना, ज्ञान करना, समझना। २ जागना। बुज्झइ; (उव)। भूका—बुज्झिंसु; (भग)। भवि—बुज्झिहिइ; (औप)। वकृ—**बुज्झंत, बुज्झमाण**; (पिंग; आचा)। संकृ—**बुज्झा**; (हे २, १५)। कृ—**बुद्ध, बोद्धव्व, बोधव्व**; (पिंग; कुमा; नव २३; भग; जी २१)।
बुज्झविय) वि [**बोधित**] १ जिसको ज्ञान कराया गया
बुज्झाविअ) हो वह; २ जगाया गया; (कुप्र ६४; सुपा ४२५; प्राकृ ६८)।
बुज्झिअअ वि [बुद्ध] ज्ञात, विदित; (पाअ)।
बुज्झिअर वि [बोद्धृ] १ जानने वाला; २ जागने वाला; (प्राकृ ६८)।
बुडबुड अक [बुडबुडय्] बुड़बुड़ आवाज करना; "पुरा जहा बुडबुडेइ अव्वत्तं" (चेइय ४६२)।
बुड्ड अक [मज्ज्, मस्ज्] डूबना। **बुड्डइ**; (हे ४, १०१; उव; कुमा; भवि)। भवि—बुड्डीसु (अप); (हे ४, ४२३)। वकृ—**बुड्डंत, बुड्डमाण**; (कुमा; उप १०३१ टी)। प्रयो, वकृ—**बुड्डावंत**; (संबोध १५)।
बुड्ड वि [मज्जित, मग्न] डूबा हुआ, निमग्न; (धम्म १२ टी; गा ३७; रंभा २३; सुर १०, १८६; भवि), "वयबुड्डमंडगाई" (पव ४ टी)।
बुड्डण न [मज्जन] डूबना; (संबे २; कप्पू)।
बुड्डिर पुं [दे] महिष, भैंसा; (षड्)।
बुड्ढ वि [वृद्ध] बूढ़ा; (पिंग)। स्त्री—°ड्ढा, °ड्ढी; (काप्र १६७; सिरि १७३)।
बुण्ण वि [दे] १ भीत, डरा हुआ; २ उद्विग्न; (दे ७, ६४ टी)।
बुत्ती स्त्री [दे] ऋतुमती स्त्री; (दे ६, ६४)।
बुद्ध वि [बुद्ध] १ विद्वान्, पण्डित, ज्ञात-तत्त्व; (सम १; उप ६१२ टी; श्रा १२; कुप्र ४०; श्रु १)। २ जागा हुआ, जागृत; (सुर ६, २४३)। ३ भूत, भविष्य और वर्त्तमान का जानकार; (चेइय ७१३)। ४ विज्ञात, विदित; (ठा ३, ४)। ५ पुं. जिन-देव, अर्हन्, तीर्थंकर; (सम ६०)। ६ बुद्धदेव, भगवान् बुद्ध; (पाअ; दे ७, ५१; उर ३, ७; कुप्र ४४०; धर्मवि ६७२)। ७ आचार्य, सूरि; (उत्त १, १७)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] आचार्य-शिष्य; (उत्त १, ७)। °**बोहिय** वि [°**बोधित**] आचार्य-बोधित; (नव ४३)। °**माणि** वि [°**मानिन्**] निज को पंडित मानने वाला; (सूअ १, ११, २५)। °**लय** पुंन [°**लय**] बुद्ध-मन्दिर; (कुप्र ४४२)।
बुद्ध वि [**बौद्ध**] १ बुद्ध-भक्त; २ बुद्ध-संबन्धी; (ती ७; सम्मत्त ११६)।
बुद्ध देखो **बुज्झ**।
बुद्ध देखो **बुंध**; (सुज्ज २०)।
बुद्धंत पुंन [**बुध्नान्त**] अधो-भाग, नीचे का हिस्सा; "ता राहू णं देवे चंदं वा सूरं वा गेण्हमाणे बुद्धंतेणं गिण्हित्ता बुद्धंतेणं मुयइ" (सुज्ज २०)।
बुद्धि स्त्री [**बुद्धि**] १ मति, मेधा, मनीषा, प्रज्ञा; (ठा ४, ४; जी ६; कुमा; कप्प; प्रासू ४७)। २ देव-प्रतिमा-विशेष; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। ३ महापुण्डरीक ह्रद की अधिष्ठात्री देवी; (ठा २, ३—पत्र ७१; इक)। ४ छन्द-विशेष; (पिंग)। ५ तीर्थंकरी; ६ साध्वी; (राज)। ७ अहिंसा, दया; (पण्ह २, १)। ८ पुं. इस नाम का एक मन्त्री; (उप ८४४)। °**कूड** न [°**कूट**] पर्वत-विशेष

का शिखर; (राज)। °बोहिय वि [°बोधित] १ तीर्थकरी—स्त्री-तीर्थंकर—से प्रतिबोधित; २ सामान्य साध्वी से बोधित; (राज)। °मंत वि [°मत्] बुद्धि वाला; (उप ३३६; सुपा ३७२; महा)। °ल पुं [°ल] १ एक स्वनाम-प्रसिद्ध श्रेष्ठी; (महा)। २ देखो °ल्ल; (राज)। °ल्ल वि [°ल] बुद्ध, मूर्ख, दूसरे की बुद्धि पर जीने वाला; "तस्स पंडियमाण(? णि)स्स बुद्धिल्लस्स दुरप्पणो" (ओघभा २६ टी; २७)। °वंत देखो °मंत; (भवि)। °सागर, °सायर पुं [°सागर] विक्रम की ग्यारहवीं शताब्दी का एक सुप्रसिद्ध जैनाचार्य और ग्रन्थकार; (सुर १६, २४५; सार्ध ६६; सम्मत्त ७६)। °सिद्ध पुं [°सिद्ध] बुद्धि में सिद्धहस्त, संपूर्ण बुद्धि वाला; (आवम)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक मन्त्रि-कन्या; (उप ७२८ टी)।

बुध देखो **बुह**; (पणह १, ५; सुज्ज २०)।

बुब्बुअ अक [**बुबुय्**] बु बु आवाज करना, छाग का बोलना। बुब्बुयइ; (कुप्र २४)। वकृ—**बुब्बुयंत**; (कुप्र २४)।

बुब्बुअ पुं [**बुद्बुद**] बुलबुला, पानी का बुलका; (दे ६, ६५; औप; पिंड १६; णाया १, १; वै ४५; प्रासू ६६; दं १३)।

बुभुक्खा स्त्री [**बुभुक्षा**] भूख, खाने की इच्छा; (अभि २०७)।

बुय वि [**ब्रुव**] बोलने वाला; (सूअ १, ७, १०)।

बुयाण देखो **बुव**।

बुल वि [**दे**] बोड, भदन्त, धर्मिष्ठ; (पिंग १६८)।

बुल्लबुला स्त्री [**दे**] बुलबुला, बुद्बुद; (दे ६, ६५)।

बुल्लबुल पुं [**दे**] ऊपर देखो; (षड्)।

बुल्ल देखा **बोल्ल**। बुल्लइ; (कुप्र २६; श्रा १४), बुल्लंति; (प्रासू ४)। प्रयो—बुल्लावेइ, बुल्लावेमि, बुल्लावए; (कुप्र १२७; सिरि ४४०)।

बुव सक [**ब्रू**] बोलना। बुवइ; (षड्; कुमा)। वकृ—**बुवंत, बुयाण, बुवाण**; (उत्त २३, २१; सूअ १, ७, १०; उत्त २३, ३१)। देखा **बू**।

बुस न [**बुस**] १ भूसा, यव आदि का कडंगर, नाज का छिलका; (ठा ८—पत्र ४१७)। २ तुच्छ धान्य, फल-रहित धान्य; (गउड)।

बुसि स्त्री [**वृषि, °सि**] मुनि का आसन। °म, °मंत वि [°मत्] संयमी, व्रती, मुनि; (सूअ २, ६, १४; आचा)।

बुसिआ स्त्री [**बुसिका**] यव आदि का कडंगर, भूसा; (दे २, १०३)।

बुह पुं [**बुध**] १ ग्रह-विशेष, एक ज्योतिष्क देव; (सुर ३, ५३; धर्मवि २४)। २ वि. पण्डित, विद्वान्; (ठा ४, ४; सुर ३, ५३; धर्मवि २४; कुमा; पाअ)।

बुहप्पइ, **बुहप्फइ**, **बुहस्सइ** देखो **बहस्सइ**; (हे २, ५३; १३७; षड्; कुमा)।

बुहुक्ख सक [**बुभुक्ष्**] खाने की इच्छा करना। बुहुक्खइ; (हे ४, ५; षड्)।

बुहुक्खा देखो **बुभुक्खा**; (राज)।

बुहुक्खिअ वि [**बुभुक्षित**] भूखा; (कुमा)।

बू सक [**ब्रू**] बोलना, कहना। बूम, बूया, बूहि; (उत्त २५, २६; सूअ १, १, ३, ६; १, १, १, २)। बिंति, बेंति, बेमि, बुआ; (कम्म ३, १२; महा; कप्प)। भूका—अब्बवी (उत्त २३, २१; २२; २५; ३१; ठा ३, २)। वकृ—**बिंत, बेंत**; (उप ७२८ टी; सुपा ३६०; विसे ११६)। संकृ—**बूइत्ता**; (ठा ३, २) देखा **बव, बुव**।

बूर पुं [**बूर**] वनस्पति-विशेष; (णाया १, १—पत्र ६; उत्त ३४, १६; कप्प; औप)। °णालिया, °नालिआ स्त्री [°नालिका] बूर से भरी हुई नली; (राज; भग)।

बूल वि [**दे**] मूक, वाचा-शक्ति से रहित; (पिंग १६८ टी)।

बूह सक [**बृंह्**] पुष्ट करना। बूहए; (सूअ २, ५, ३२)।

बे देखो **बि**; (वज्जा १०; हे ३, ११६; १२०; पिंग)। °आसी (अप) स्त्री [°अशीति] बयासी, ८२; (पिंग)। °इंदिय वि [°इन्द्रिय] त्वचा और जीभ ये दो ही इन्द्रिय वाला प्राणी; (ठा १; भग; स ८३; जी १५)। °हिय [**द्व्यहिक**] दो दिन का; (जीवस ११६)।

बेंट देखो **बिंट**; (महा)।

बेंत देखा **बू**।

बेंदि देखा **बे-इंदिय**; (पंच ५, ५६)।

बेट्ठ देखा **बिट्ठ**; (आघभा १७४)।

बेड, **बेडय** पुं [**दे**] नौका, जहाज; (दे ६, ६५; सुर १३, ५०)।

बेडा, **बेडिया**, **बेडी** स्त्री [**दे**] नौका, जहाज; (उप ७२८ टी; सिरि ३८२; ४०७; श्रा १२; धम्म १२ टी), "पाणी-हि जलं दारइ अरित्तदंडेहि बेडिव्व" (धर्मवि १३२)।

बेड्ढा स्त्री [**दे**] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ के बाल; (दे ६, ६५)।

बेदोणिय वि [द्व्यैद्रोणिक] दो द्रोण का, द्रोण-द्वय-परिमित; "कप्पइ मे बेदोणियाए कंसपाईए हिरण्णभरिआए संववहरित्तए" (उवा)।

बेमासिय वि [द्व्यैमासिक] दो मास का, दो महिने का संबन्ध रखने वाला; (पउम २२, २८)।

बेलि स्त्री [दे] स्थूणा, खूँटा; (दे ६, ६५; पाअ)।

बेल्ल देखो बिल्ल; (प्राकृ ५)।

बेल्लग पुं [दे] बैल, बलीवर्द; (आवम)।

बेस अक [विश्, स्था] बैठना; "अंतंतं भोक्खामि त्ति बेसए भुंजए य तह चेव" (ओघ ५७१)।

बेसक्किअ न [दे] द्वेष्यत्व, रिपुता, दुश्मनाई; (दे ७, ७६ टी)।

बेसण न [दे] वचनीय, लोकापवाद, लोक-निन्दा; (दे ६, ७५ टी)।

बेहिम वि [दे. द्व्यैधिक] दो टुकड़े करने योग्य, द्विखण्डनीय; (दस ७, ३२)।

बोंगिल्ल वि [दे] १ भूषित, अलंकृत; २ पुं. आटोप, आडम्बर; (दे ६, ६६)।

बोंटण न [दे] चूचुक, स्तन का अग्र भाग; (दे ६, ६६)।

बोंड न [दे] १ चूचुक, स्तन-वृन्त; (दे ६, ६६)। २ फल-विशेष, कपास का फल; (ओप; तंदु २०)। °य न [°ज] सूती वस्त्र, सूती कपड़ा; (सूअ १, २, ७३; ओप)।

बोंद न [दे] मुख, मुँह, (दे ६, ६६)।

बोंदि स्त्री [दे] १ रूप; २ मुख, मुँह; (दे ६, ६६)। ३ शरीर, देह; (दे ६, ६६; पणह १, १; कप्प; ओप; उत्त ३५, २०; स ७१२; विसे ३१६१; पव ५५; पंचा १०, ४)।

बोंदिया स्त्री [दे] शाखा; (सूअ २, २, ४६)।

बोकड पुं [दे] छाग, बकरा; गुजराती में 'बोकडो'; **बोक्कड** (ती २; दे ६, ६६)। स्त्री—°डी; (दे ६, ६६ टी)।

बोक्कस पुं [बोक्कस] १ अनार्य देश-विशेष; (पव २७४)। २ वर्णसंकर जाति-विशेष, निषाद से अंबष्ठी की कुक्षि में उत्पन्न; (सुख ३, ४)।

बोक्कसालिय पुं [दे] तन्तुवाय, "कोट्टागकुलाणि वा गामरक्खकुलाणि वा बोक्कसालियकुलाणि वा" (आचा २, १, २. ३)।

बोक्कार देखो वुक्कार; (सुर १०, २२१)।

बोक्किय न [बूत्कृत] गर्जन, गर्जना; (पउम ५६, ५४)।

बोगिल्ल वि [दे] चित्रकबरा; "फसलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं" (पाअ)।

बोट्ट सक [दे] उच्छिष्ट करना, झूठा करना। गुजराती में 'बोटवु'। "रयणीए रक्खिचरा चरंति बोट्टंति अन्नमाईयं" (सुपा ४६१)।

बोड वि [दे] १ धार्मिक, धर्मिष्ठ; २ तरुण, युवा; (दे ६, ६६)। ३ मुण्डित-मस्तक; "एमेव अडइ बोडो" गुजराती में 'बोडा'; (पिंड २१७)।

बोडघेर न [दे] गुल्म-विशेष; (पाअ)।

बोडिय पुं [बोटिक] १ दिगम्बर जैन संप्रदाय; २ वि. दिगम्बर जैन संप्रदाय का अनुयायी; "बोडियसिवभूईओ बोडियलिंगस्स होइ उप्पत्ती" (विसे १०४१; २५५२)।

बोडिय वि [दे] मुण्डित-मस्तक (?); "बोडियमसिए धुवं मरणं" (ओघभा ८३ टी)।

बोड्डर न [दे] श्मश्रु, दाढी-मूँछ; (दे ६, ६५)।

बोड्डिआ स्त्री [दे] कपर्दिका, कौड़ी; "केसरि न लहइ बोड्डिअवि गय लक्खेहिं घप्पंति" (हे ४, ३३५)।

बोदर वि [दे] पृथु, विशाल; (दे ६, ६६)।

बोदि देखो बोंदि; (ओप)।

बोद्दह [दे] देखो बोद्रह; (पाअ)।

बोद्ध वि [बौद्ध] बुद्ध-भक्त; (संबोध ३४)।

बोद्धव्व देखो बुज्झ।

बोद्रह वि [दे] तरुण, जवान; (दे ७, ८०)।

बोधण न [बोधन] बोध, शिक्षा, उपदेश; (सम ११६)।

बोधव्व देखो बुज्झ।

बोधि देखो बोहि; (ठा २, १ — पत्र ४६)। °**सत्त** पुं [°सत्त्व] सम्यग् दर्शन का प्राप्त प्राणी, अर्हन् देव का भक्त जीव; (मरण ३)।

बोधिअ वि [बोधित] ज्ञापित, अवगमित; (धर्मसं ५०६)।

बोर न [बदर] फल-विशेष, बेर; (गा २००; हे १७०; षड्; कुमा)।

बोरी स्त्री [बदरी] बेर का गाछ; (प्राकृ ४; हे १, १७०; कुमा; हेका २५६)।

बोल सक [ब्रोडय्] डुबाना। "तंबोलो तं बोलइ जिणवसहिट्ठिएण जेण खद्धा" (सार्ध ११४), "वुड्डंतं बोलए अन्नं" (सूक्त ६६), बोलेइ, बोलए; (संबोध १३), "केसिं च बंधित्तु गले सिलाओ उदगंसि बोलंति महालयंसि" (सूअ

१, ५, १, १०), बोलेमि; (सिरि १३८), "गुरुनामेणं लोए बोलेइ बहू" (उवर १५२)।

बोल अक [व्यति + क्रम्] १ पसार होना, गुजरना। २ सक. उल्लंघन करना। "दूई ण एइ, चंदोवि उग्गओ, जामिणीवि बोलेइ" (गा ८५४), "पुणो तं बंधेण न बोलइ कयाइ" (श्रावक ३३), बोलए; (चंड)। देखो **वोल=गम्**।

बोल पुं [दे] १ कलकल, कोलाहल; (दे ६, ६०; भग; भवि; कप्पू; उप ५०६), "हासबोलबहुला" (औप)। २ समूह; "कमठासुरेण रइयम्मि भीसणे पलयतुल्लजलबोले" (भाव १; कुलक ३४)।

बोलग पुंन [दे. ब्रोड] १ मज्जन, डूबना; २ कर्षण, खींचाव; "उच्चूलं बोलगं पज्जंति" (विपा १, ६—पत्र ६८)।

बोलिअ वि [ब्रोडित] डुबाया हुआ; (वज्जा ६८)।

बोलिंदी स्त्री [दे] लिपि-विशेष, ब्राह्मी लिपि का एक भेद; "माहेसरीलिवी दामिलिवी बोलिंदिलीवी" (सम ३५)।

बोल्ल सक [कथय्] बोलना, कहना। बोल्लइ; (हे ४, २; प्राकृ ११६; सुर ८, १६७; भवि)। कर्म—बोल्लिअइ (अप); (कुमा)। कृ—**बोल्लेवय** (अप); (कुमा)। प्रयो—बोल्लावइ; (कुमा)।

बोल्लणअ वि [कथयितृ] बोलने का स्वभाव वाला; (हे ४, ४४३)।

बोल्ला स्त्री [कथा] वार्ता, बात; "नीयबोल्लाए" (उप १०१५)।

बोल्लाविय वि [कथित] बुलवाया हुआ; (स ४६१; ६६६)।

बोल्लिअ वि [कथित] १ उक्त; २ न. उक्ति; (भवि; हे ४, ३८३)।

बोव्व न [दे] क्षेत्र, खेत; (दे ६, ६६)।

बोह सक [बोधय्] १ समझाना, ज्ञान कराना। २ जगाना। बोहेइ; (उव)। कर्म—बोहिज्जइ; (उव)। वकृ—**बोहिंत, बोहेंत**; (सुर १५, २४६; महा)। कवकृ—**बोहिज्जंत**; (सुर २, १४५; ८, १६५)। हेकृ—**बोहेउं**; (अज्झ १७६)।

बोह पुं [बोध] १ ज्ञान, समझ; (जी १)। २ जागरण; (कुमा)।

बोहग देखो **बोहय**; (दं १)।

बोहण देखो **बोधण**; (उप २०६; सुर १, ३७; उवर १)।

बोहय वि [बोधक] बोध देने वाला, ज्ञान-दाता; (सम १; णाया १, १; भग; कप्प)।

बोहहर पुं [दे] मागध, स्तुति-पाठक; (दे ६, ६७)।

बोहारी स्त्री [दे] बुहारी, संमार्जनी, झाड़ू; (दे ६, ६७)।

बोहि स्त्री [बोधि] १ शुद्ध धर्म का लाभ, सद्धर्म की प्राप्ति; "दुल्लहा बोही" (उत्त ३६, २५८), "बोही जिणेहि भणिया भवंतर सुद्धधम्मसंपत्ती" (चेइय ३३२; संबोध १४; सम ११६; उप ४८१ टी)। २ अहिंसा, अनुकम्पा, दया; (पणह २, १)। देखो **बोधि**।

बोहिअ वि [बोधित] १ ज्ञापित, समझाया हुआ; (भग)। २ विकासित, बिबोधित; "रविकिरणतरुणबोहियसहस्सपत्त—" (कप्प)।

बोहिअ पुं [बोधिक] मनुष्य चुराने वाला चोर; (निचू १; चेइय ४४६)।

बोहिंत देखो **बोह**=बोधय्।

बोहिग देखो **बोहिअ**=बोधिक; (राज)।

बोहित्थ पुंन [दे] प्रवहण, जहाज, यानपात्र, नौका; (दे ६, ६६; स २०६; चेइय २६४; कुप्र २२२; सिरि ३८३; सम्मत्त १५७; सुपा ६४; भवि)।

बोहित्थिय वि [दे] प्रवहण-स्थित; (वज्जा १५८)।

°ब्भंस देखो **भंस**; (सुपा ५०६)।

°ब्भमर देखो **भमर**; (नाट—मुद्रा ३६)।

°ब्भास देखो **अब्भास**, "किंतु अइदूहवा सा दिट्ठिब्भासेवि कुणइ न हु कोइ" (सुपा ५६७)।

°ब्भि वि [भित्] भेदन करने वाला, नाश-कर्ता; "सगडब्भि" (आचा १, ३, ४, १)।

ब्रो (अप) देखो **बू**। ब्रोहि; (प्राकृ १२१)।

इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि वअराइसहसंकलणो
एगूणतीसइमो तरंगो समत्तो।

भ

भ पुं [भ] १ ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष; (प्राप; प्रामा)। २ पिंगल-प्रसिद्ध आदि-गुरु और दो ह्रस्व अक्षरों की संज्ञा, भगण; (पिंग)। ३ न. नक्षत्र; (सुर १६, ४३)। °**आर** पुं [°**कार**] १ 'भ' अक्षर। २ भगण; (पिंग)। °**गण** पुं [°**गण**] भगण; (पिंग)।

भइ देखो **भव**=भू।

भइ स्त्री [**भृति**] वेतन, तनखाह; (णाया १, ८—पत्र १५०; विपा १, ४; उवा)। देखो **भूइ**।

भइअ वि [**भक्त**] १ विभक्त; (श्रावक १८५; सम ७६)। २ खण्डित; "अंगुलसंखासंखप्पएसभइयं पुढो पयरं" (पंच २, १२; औप)। ३ विकल्पित; (वव ६)।

भइअ } देखो **भय**=भज्।
भइअव्व }

भइणी° } स्त्री [**भगिनी**] बहिन, स्वसा; (सुपा १५;
भइणिआ } स्वप्न १५; १७; विपा १, ४; प्रासू ७८; कुल
भइणी } २३५; कुमा)। °**वइ** पुं [°**पति**] बहनोई; (सुपा १५; ५३२)। °**सुअ** पुं [°**सुत**] भागिनेय, भानजा; (सुपा १७)। देखो **बहिणी**।

भइरव वि [**भैरव**] १ भयंकर, भीषण, भय-जनक; (पाअ; सुपा १८२)। २ पुं. नाट्यादि-प्रसिद्ध एक रस, भयानक रस; ३ महादेव, शिव; ४ महादेव का एक अवतार; ५ राग-विशेष, भैरव राग; ६ नद-विशेष; (हे १, १५१; प्राप्र)। देखो **भेरव**।

भइरवी स्त्री [**भैरवी**] शिव-पत्नी, पार्वती; (गउड)।

